हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 26 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

10 पटेल चौक से तहसील कार्यालय तक निगम के अमले ने हटाया अतिक्रमण



13 विश्व क्षय दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### सूने मकान का ताला टूटा



**भिलाई।** दो अलग-अलग सूने मकानों का ताला टूटने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ढ़ांचा भवन कुरूद निवासी शरद यादव 23 मार्च को मकान में ताला जड़कर परिवार समेत लिमोरा गुण्डरदेही शादी में गया था। 24 मार्च की सुबह 8 बजे मकान वापस लौटा तो सामने का दरवाजे का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर में रखे सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। वहीं दूसरी चोरी कुरूद निवासी यशोदा साहू के यहां हुई है। इनका पति राजस्थान आर्मी में है। 19 मार्च की सुबह मकान में ताला जड़कर मायके नवा रायपुर महिला गई थी। 24 मार्च की सुबह सास तिजिया बाई ने मकान में चोरी होने की सूचना दी। तब पीड़िता घर लौटी तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। आलमारी से नगदी अज्ञात ने पार कर फरार हो गया था।

### मकान से 55 हजार के जेवरात चोरी, जुर्म दर्ज



**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि 153/5,विवेकानंद नगर, न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी तिरिथ राम केंवट की बड़ी बेटी कोरबा में जलने से उसका उपचार कराने के लिए परिवार 25 फरवरी की सुबह मकान में ताला जड़कर निकला था। 17 मार्च को पडोसियों ने फोन से सूचना दिया कि मकान में चोरी हो गई। मकान में आकर देखने पर ताला टूटा पड़ा मिला। मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने एक सोने का पेंडेंन्ट, चांदी का पायल 4 नग, चांदी का सिक्का, एक 50 ग्राम और दूसरा 20 ग्राम गायब हो गया है। जिसकी कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने निरीक्षण कर सुविधाएं बढ़ाने पर दिया जोर

# जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीनें बढ़ेंगी मेडिकल कॉलेज का क्लास रूम होगा बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीनें बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में यहां 7 मशीनें हैं और मरीजों की संख्या ज्यादा है। चंदूलाल मेडिकल कॉलेज के मेडिकल विद्यार्थियों के लिए क्लास रूम को और बेहतर किया जाएगा। यहां पुलिस चौकी भी खोली जाएगी। सिविल अस्पताल सुपेला को 100 बिस्तर के हिसाब से डेवलप करेंगे।

**सिविल अस्पताल सुपेला में 100 बिस्तर की सुविधा**



### जिला अस्पताल में पांच मेडिकल अफसर की भी होगी नियुक्ति

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, शिशु वार्ड, डिलीवरी वार्ड, ऑपरेशन कक्ष सहित सभी वार्डों का विस्तृत निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मरीजों एवं उनके परिजनों से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सकीय सेवाओं के अनुभवों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने आईसीयू, ब्लड बैंक, एनआरसी, एसएनसीयू, डीईआईसी और प्रसव विभाग का भी निरीक्षण किया और चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऑपरेशन थियेटर (ओटी) का निरीक्षण करते हुए, उन्होंने इसे मॉडल ओटी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण कर उपलब्ध उपकरणों की स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक आधुनिक उपकरणों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही, मरीजों की सुविधा के लिए डायलिसिस यूनिट की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अंत में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने स्टोर रूम का अवलोकन किया और इसे अधिक व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। अस्पताल की मौजूदा सुविधाओं की सराहना करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 5 मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति के निर्देश दिए। प्रसूति विभाग में डॉक्टर एवं विशेषज्ञों की आवश्यकता की मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध दवाइयों की गुणवत्ता की समीक्षा की। इस अवसर पर वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक दुर्ग ललित चन्द्राकर और गजेन्द्र यादव, महापौर अल्का बाघमार, स्वास्थ्य संचालक पदमिनी भोई, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, एडीएम अरविन्द एक्का, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन एवं सह अस्पताल अधीक्षक दुर्ग हेमन्त साहू, डॉ. ओपी वर्मा तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज में स्मार्ट क्लासरूम एवं अन्य सुविधाओं का होगा विस्तार

**भिलाई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रीश्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय की स्वशासी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन की स्थापना के निर्देश दिए, जिससे मरीजों को त्वरित एवं उन्नत उपचार मिल सके। इसके साथ ही पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बोर खनन कराने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त राठौर के सुझाव पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों के लिए स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं मरीजों की सुविधाओं के विस्तार हेतु एप्रोच रोड, हाई मॉस्क लाइट, सीसीटीवी कैमरा तथा सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करने सुनिश्चित करने कहा। अस्पताल में खेल उपकरण, ऑडिटोरियम और जिम निर्माण की योजना पर भी सहमति प्रदान की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा शासन स्तर पर अनुमति प्राप्त होने के उपरांत प्रबंधन कार्यों में किसी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ की व्यवस्था हेतु जल्द से जल्द संविदा भर्ती किए जाने के निर्देश दिए और शासन द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### जिला बड़ा है सीएमओ का फोन उठाना संभव नहीं

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल मंगलवार की शाम निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में पूछा गया कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यहां के सीएमओ तक आम जनता का कॉल रिसीव तक नहीं करते है। मंत्री जायसवाल ने जवाब दिया कि इतना बड़ा जिला है सीएमओ का फोन उठाना संभवन नहीं होगा। लेकिन टोल फ्री नंबर, महतारी योजना का नंबर समेत अन्य सुविधा विभाग द्वारा उपलब्ध है। मंत्री के इस तरह के जवाब से जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अब आम जनता की समस्याओं को निजात नहीं दिलाने का मंशा बना लेगें।

### वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने पर कार्रवाई



**भिलाई।** ऑपरेशन नो एंट्री वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि बिना हेलमेट की वजह सें होने वाली मौत, मालवाहक में सवारी ले जाते वाहनों को रोकने, शराब के नशे में वाहन चालाने वाले मौत को रोकने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालको पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान सात ब्लैक फिल्म लगे वाहन पर कार्रवाई की गई। मोटर व्हीकल के तहत कार्रवाई किया गया।




## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# टाटा मैजिक और ट्रक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दो अलग-अलग वाहनों में अचानक आग लगने से वाहन बुरी तरह जलने का मामला सामने आया है। घटना पुलगांव और कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। सूचना पर मौके में दमकल कर्मियों के पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया।

मैजिक वाहन में चालक और दो बच्चे बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक पुलगांव चौक के आगे चलते हुए टाटा मैजिक सीजी 24 जे 6252 पर आग लग गई है। दमकल की टीम को मौके पर तत्काल पहुंच गया। अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए वाहन की आग को पर काबू पाया। आग बुझाने में एक दमकल पानी की



■ पुलगांव और कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना

जरुरत पड़ी। वाहन का मालिक देव प्रसाद साहू है। वाहन पर एक चालक और दो बच्चे जा रहे थे। नेशनल हाइवे कुम्हारी में चलते हुए ट्रक सीसी 07 सीजी 6833 में आग लग गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर कर्मियों ने जलते हुए ट्रक से आग को बुझाया गया। ट्रक मलिक बलविंदर सिंह है और वाहन चालक आग लगते ही समय पर ट्रक से बाहर आकर अपनी जान बचाई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

वाहनों में आग लगने की घटना लगातार बढ़ रही है। कारण गर्मी हो सकता है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। आग लगते ही समय पर चालक ने बाहर आकर अपनी जान बचाए। आग लगने का कारण अज्ञात है। आग बुझाने अग्निशमन कर्मी दल प्रभारी महेन्द्र कुमार चंदेल, फायरमेन भोपेश, भीषण, राजेश, धर्मेन्द्र शामिल थे।

### पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मो. अजहरूद्दीन ने कहा

# छग में इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा, गुड कोचिंग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई स्थित रूंगटा पब्लिक स्कूल में संचालित गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी में सीनियर इंटरनेशनल क्रिकेट प्लेयर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन मंगलवार को पहुंचे। वे रूंगटा पब्लिक स्कूल में आयोजित क्रिकेट कैंप में शामिल विद्यार्थियों व उनके पैरेंट्स को मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 9-10 साल से खेल सुविधाएं बढ़ी है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा है लेकिन गुड कोचिंग भी होना चाहिए। एकेडमी बच्चों की नर्सरी तैयार कर रहे हैं लेकिन वे नेचुरल खेल पर ध्यान दे। इससे टैलेंट उभरेगा।



### युवाओं के लिए बेहतर प्लेटफार्म

मोहम्मद अजहरूद्दीन ने कहा कि कि जब हम क्रिकेट खेलते थे तब तीन फार्म होता था। सुविधाएं भी बेहद सीमित होती थी। आज की तरह एक्सपोजर भी नहीं था। आज के दौर में आईपीएल जैसे टूर्नामेंट से क्रिकेट में आने वाले युवाओं को बेहतर प्लेटफार्म मिल रहा है। आईपीएल में बुमराह और हार्दिक पांडया जैसे प्लेयर की बेहतर परफार्मेंस से सीधे इंडियन टीम में एंट्री हुई है। इंटरटेनमेंट के साथ क्रिकेट खिलाड़ियों को आईपीएल एक नई पहचान दे रहा है।

### अभिभावक बच्चों पर न डालें प्रेशर

अजहरूद्दीन ने कहा कि आमतौर पर प्रतिभावान खिलाड़ी जॉब तक ही सीमित रह जाता है। जॉब मिलने के बाद वह खेलना छोड़ देता है। इसके लिए अभिभावकों का दबाव रहता है। दबाव में टैलेंट का लॉस हो जाता है। उन्होने पालकों से अपील की कि प्रतिभावन बच्चों को खेलते देते रहे जिससे वह भारत के लिए खेल सके।

### जरुरतमंद प्रतिभाओं को मुफ्त कोचिंग



भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन के प्रेस वार्ता के दौरान रूंगटा क्रिकेट अकादमी के संतोष रूंगटा ने जरूरतमंद प्रतिभावान खिलाड़ियों को मुफ्त कोचिंग देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि ऐसे बच्चों का पूरा खर्च स्वयं वहन करेंगे।उन्होने कहा कि खेलो इंडिया में यहां के खिलाड़ी भाग लें ऐसी तैयारी चल रही है। प्रशिक्षित कोच विभिन्न प्रकार के खेल की ट्रेनिंग देंगे। इंडोर स्वीमिंग पुल, बैडमिंटन ग्राउंड, जिम आदि पर भी हमारा फोकस रहेगा। पूर्व क्रिकेटर व एकादमी के संचालक राजेश चौहान ने आगामी योजना पर प्रकाश डाला।

### टैलेंट को कोई रोक नहीं सकता

मोहम्मद अजहरूद्दीन ने कहा कि ऋषभ पंत को चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खिलाने पर कहा कि किसी भी प्लेयर्स का परफार्मेंस मायने रखता है। ऋषभ पंत एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो आगे चलकर इंडियन टीम के कैप्टन बन सकते हैं। वो एक ऐसे अटेकिंग प्लेयर है जो भारतीय टीम के परमानेंट प्लेयर बन सकते हैं। भले ही चैंपियंस ट्रॉफी में उन्हें मौका नहीं मिला लेकिन वो एक बेहतरीन खिलाड़ी है। छत्तीसगढ़ के इंटरनेशनल क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान को याद करते हुए कहा कि उनके साथ बहुत अच्छे मैच हमने खेले।अजहरूद्दीन ने कहा कि किसी भी एकेडमी में प्लेयर्स को चुनना पड़ेगा। किसी को बेसिक सिखाना पड़ेगा। जो बेसिक जानते हैं उन्हें आगे बढने में एकेडमी में मदद मिलती है। एकेडमी खोलना आसान काम है लेकिन वहां उन्हें बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। भिलाई जैसे शहर में अगर एकेडमी में बेहतर सुविधाएं मिल रही तो यहां से अच्छे खिलाड़ी निकल सकते हैं। नेचुरल प्लेयर्स की प्रतिभा को निखारना पड़ता है। एकेडमी में हर खिलाड़ी को परख कर उस पर मेहनत करनी पड़ेगा तभी यह सक्सेस हो पाएगा।



**खबर संक्षेप**



### बजट के पहले पार्षदों की बैठक

**दुर्ग।** आगामी 28 मार्च को आयोजित बजट बैठक में आय व्यय पत्रक 2025 –26 को पारित कराकर शहर विकास की रफ्तार बढ़ाने भाजपा के सभी पार्षदों की संयुक्त बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के प्रमुख रूप उपस्थिति आयोजित बैठक की अध्यक्षता महापौर अल्का बाघमार ने की बैठक में जिला अध्यक्ष ने सभी पार्षदों को शहर विकास के लिए चर्चा में भाग लेते हुए एकमत होकर बजट पारित कराने में महापौर परिषद का सहयोग करने के निर्देश दिया। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, वित्त व लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे सहित सभी एमआईसी सदस्य व पार्षद गण मौजूद थे। बैठक का संचालन भाजपा प्रवक्ता व पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने किया।

### नदी रोड पर कचरा डंपिंग से बढ़ी परेशानी-वोरा

**दुर्ग।** ट्विनसिटी को पेयजल उपलब्ध कराने वाली शिवनाथ नदी के पास नगर निगम द्वारा कचरा डंपिंग से आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस विषय पर पूर्व विधायक अरुण वोरा और पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा को अवगत कराया। नागरिकों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों और मुक्तिधाम आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आग जलने से अभी भी यहां धुआं उठ रहा हैं, यह धुआं खतरनाक हैं। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार साहू ने नगर निगम से तत्काल आवश्यक कदम उठाने की अपील की। आर.एन. वर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कचरा निष्पादन की सही व्यवस्था होनी चाहिए।

# बिजली में फूंक रहे लाखों, लेकिन शहर से गांव तक सड़कों में अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग और नगरनिगम द्वारा बिजली लगाने के नाम पर लाखों रूपए फूंके जा रहे है। लेकिन इससे मिलने वाला लाभ आम लोगों को नही मिल रहा है, बल्कि रात के अंधेरे में ही लोगों को सडको से गुजरना पड रहा है। लाखों व करोडों रूपए खर्च करने वाले अफसरों को इस बात की फिकर नही है कि, उनके द्वारा लगाई गई लाइट जल रही या नहीं।

हाल ही में नगरनिगम द्वारा पटेल चौक से रेल्वे स्टेशन जाने वाले सडक में डिवाइजर के बीच पोल लगाए गए है। पोल लगाने के बाद यहां लाइट भी लगा दिए गए। लाइट लगे महज पन्द्रह दिन हुए होगें। वर्तमान में यहां अधूरा और एक भी लाइट नही जल रही है। लोगों के बीच चर्चा है कि, जब सुविधा ही नही देनी थी तो लगाए क्यो गए। यही हाल पुलगांव मिनीमाता चौक से दुर्ग बायपास तक बनी हुई है। यहां भी पुलगांव चौक से बाइपास तक पोल में ही विद्युत यांत्रिकीय विभाग की लाइटे शोभा बढा रही है। जबकि यह नेशनल हाईवे है। यहां बडी से लेकर छोटे वाहन चलते है। रात में अंधेरे के बीच यहां वाहन चालक सफर करते हैं। पुलगांव के आगे मवेशी के होने से आय दिन दुर्घटना होती है। जिसका प्रमुख कारण सडक की लाइट नही जलना है। बुनियादी सुविधा देने के बजाय सडक दुर्घटना रोकने ऐसे में यह नाकाफी साबित हो रही हैं।

## अंधेरे के साए में आम आदमी और प्रशासन हो गया बेपरवाह



पुलगांव से बाईपास रोड।

### पुलगांव से अंडा तक भी अंधेरा

पुलगांव से अंडा तक करीब 12 किमी की फोरलेन सडक के लिए 430 लाख का विद्युत कार्य कराया जाना है। वही मैत्री गार्डन चौक से ग्राम देवादा फुंडा करीब 23 किमी के लिए 835 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पत्र लिखा गया है। लेकिन अब तक राज्य शासन द्वारा स्वीकृति नही दिए जाने से यहां लाइट नही लगी हैं। पुलगांव से अंडा तक सडक बनाने के प्रस्ताव के साथ बिजली का प्रस्ताव बनाना था। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की अनदेखी से आम लोगों को खामियाजा भुगतना पड रहा हैं।



पटेल चौक से रेलवे स्टेशन रोड।

**तैयारी : वर्ष 2017 के आधार पर चल रही रजिस्ट्री दर में कलेक्टर गाइड लाइन**

# विकसित इलाकों में महंगी होगी जमीन, सर्वे करने गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले आठ साल बाद अब जमीन की कलेक्टर गाइड लाइन दर बढने से जमीन महंगी हो जाएगी। अप्रैल माह से नए कलेक्टर दर लागू किए जाने के पहले सर्वे चल रहा है। सर्वे में खासतौर पर ऐसे इलाको की पडताल शुरू हो गई है। जहां पिछले आठ साल में अधिक जमीन बिकी हुई है। ऐसे विकसित इलाको में कलेक्टर दर बढ सकते हैं। जिला मूल्यांकन समिति ने आगामी 31 मार्च के पहले राजस्व विभागों से प्रस्ताव मांगे गए है। हांलाकि प्रस्ताव तैयार नही होने से मई माह में नई दर लागू हो सकती हैं।

पिछले साल में एक भी बार सर्वे नही हुआ था। लेकिन इस बार राज्य शासस के सर्वे कराने के प्रयास के चलते ऐसा माना जा रहा है कि, इस बार सरकारी दर बढ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2017 में राज्य में भाजपा की सरकार रही है। उस दौरान कलेक्टर दर लागू किए गए थे। वही 2018 में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई, जिसके बाद से कलेक्टर दर अभी तक नही बढे हैं। लेकिन भाजपा की सरकार ने कलेक्टर गाइड लाइन बढाने की कवायद शुरू कर दी हैं। सर्वे के लिए बकायदा राज्य शासन द्वारा प्रारूप भी जारी किए गए है। जिला मूल्यांकन समिति ने पंजीयन कार्यालय की ओर से राजस्व विभाग के तहसीलदार, पटवारियों से लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व प्रधानमंत्री सड़क योजना से डेवलपमेंट एरिया, प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी मंगाई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आठ साल बाद जमीन के सरकारी दामों में बड़ा अंतर लाया जाएगा।

## विकास होने वाले इलाकों पर फोकस, मई में हो सकते हैं नई दर लागू



### इस बार मई में लागू होंगे नई दरें

हर साल नया कलेक्टर दर एक अप्रैल से लागू हो जाता था। लेकिन इस बार अब तक प्रस्ताव नही आने के कारण माना जा रहा है कि, पूरी प्रक्रिया अप्रैल में चलेगी और नया दर मई माह में लागू होगा। उप जिला मूल्यांकन समिति स्तर 31 मार्च तक प्रक्रिया पूरी करने कहा है। इसी तरह जिला मूल्यांकन समिति को 15 अप्रैल तक प्रस्ताव तैयार कर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजना है। कहा गया है कि, सिंचित भूमि से असिंचित भूमि की दर दस फीसदी कम होने चाहिए।

### विभागों से भी मंगाए गए प्रस्ताव

जमीनों के नई गाईड लाइन दर चार कालम के प्रस्तावित करने कहा गया है। इसमें हेक्टेयर एवं वर्ग मीटर में अचल संपत्ति मुख्य मार्ग पर स्थित, मुख्य मार्ग से अंदर है, इसको ध्यान में रखकर प्रस्ताव करने कहा गया हैं। वही किन-किन जगहों पर डेवलपमेंट हो रहा है और कहां-कहां जमीन की कीमतों में वृद्धि किया जा सकता है। इस पर फैसला लिया जाएगा। सर्वे में राजस्व विभाग से तहसीलदार, पटवारियों से जानकारी मंगाई गई है। इसके आलावा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से आगामी दिनों में नए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी मांगी गई हैं, वहीं नगर निगम सहित पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री सडक योजना से भी यह जानकारी मांगी गई हैं। जिसके अनुसार वहां के जमीन की गाईड लाइन दर में वृद्धि की जाएगी।

### कालोनियों की चौड़ी सड़क मानी जाएगी मुख्य मार्ग

जारी किए गए प्रारूप में कहा गया है कि, किसी रिहायसी कालोनों या मुहल्ले में 40 फीट से अधिक चौड़ाई की सड़क मुख्य मार्ग मानी जाएगी। इसके आलावा इससे कम चौड़ाई की सड़क जो दो इलाकों को जोड़ने वाली परंपरागत सड़क के रूप में प्रयुक्त होती हो, वह भी मुख्य मार्ग मानी जाएगी। रोड से लगकर स्थित व्यावसायिक कान्प्लेक्स या आवासीय काम्प्लेक्स के लिए केवल रोड का ही दर प्रस्तावित किया जाएगा।

### आईआईटी और अमलेश्वर में अधिक रजिस्ट्री

दुर्ग जिले में रायपुर से लगे अमलेश्वर में अधिक रजिस्ट्री होती है। वहां बिल्डरों द्वारा नए-नए प्रोजेक्ट लांच किए गए है। जिसके कारण हर साल वहां अधिक रजिस्ट्री होती है। ऐसे में इन इलाको में दर बढ सकते है। वहीं पिछले दस सालों में भिलाई आईआईटी के आस-पास के इलाको में अचानक रजिस्ट्री में बढोत्तरी हुई है। इसके अस्तित्व में आने से बेमेतरा धमधा रोड में प्लाटिंग का कार्य जोरो पर है। इसके आलावा शहर में बोरसी, उतई, पाटन वाले मार्ग में विकास हो रहा हैं। वही पुलगांव में बडे बडे व्यवसायिक कांप्लेक्स बन रहे है। पुलगांव से लेकर दुर्ग बाईपास मार्ग और बालोद रोड अंडा तक विकास में तेजी आई है। इनवेस्टरों की नजर भी इन्ही इलाको पर है। इल इलाको में तेजी से जमीन की खरीदी बिक्री भी हो रही हैं।

# खेलगांव खम्हरिया में जिला स्तरीय खेलकूद संपन्न



**दुर्ग।** खेलगांव खम्हरिया के खेल मैदान में नेहरू युवा केंद्र दुर्ग नितिन शर्मा ( जिला युवा समन्वयक) एवं बालकदास डहरे व आयोजन प्रभारी खेल प्रशिक्षक संकल्प स्पोर्ट्स एंड कल्चर संगठन खम्हरिया की कुशल निर्देशन में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया की प्रथम महिला नागरिक सरपंच दुलारी देशलहरे (एडवोकेट जिला न्यायालय दुर्ग) अध्यक्षता टीकाराम साहू (उपसरपंच खम्हरिया) हरीश कुर्रे (पंच), आशीष चंद्राकर (पंच), शेषनारायण पटेल ने कार्यक्रम की शुरुआत किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि दुलारी देशलहरे ने कहा खेलकूद में अनुशासन बनाए रखते हुए खेलकूद को खेलभावना के साथ खेलनै के लिए प्रेरित किया, आज के युग में युवा खेलकूद से नौकरी पा रहे हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रद्धा पुरेन्द्र साहू (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग) उपस्थित रहीं। अध्यक्षता टीकाराम साहू (उपसरपंच खम्हरिया) विशेष अतिथि चंदप्रकाश टंडन (वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व उपसरपंच खम्हरिया), तरूण साहू (प्रदेश अध्यक्ष-स्टील बर्तन बैंक) मोनू बंजारे (सामाजिक कार्यकर्ता) उपस्थित रहे।

### मां कर्मा के नाम डाक टिकट का विमोचन

**दुर्ग।** तैलिक वंश की अधिष्ठात्री कुल देवी भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने शुभकामनायें दी। कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में साहू समाज द्वारा आयोजित महोत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा साहू समाज के आराध्य माता कर्मा के जीवन से आत्मबल, परोपकार, समाजिक समरसता, निर्भीकता, समानता, दया, करूणा, भक्ति और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है। भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी में माता कर्मा को समर्पित डाक टिकट का भव्य विमोचन करने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह डाक टिकट न केवल श्रद्धा की प्रतीक ही नहीं बल्कि माता कर्मा के त्याग और समर्पण को अमर करता है, बल्कि साहू समाज के गौरवपूर्ण इतिहास और सांस्कृतिक परंपरा को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्रदान करता है।

# पटेल चौक से तहसील कार्यालय तक निगम के अमले ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शहर के पटेल चौक मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा मंगलवार को अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। पटेल चौक क्षेत्र के आस पास, पुराना दुर्ग थाना के पीछे, चंडी मंदिर क्षेत्र के आस पास के अलावा वार्ड 21 के आस पास से सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

- 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया गया

कार्रवाही लगभग 3 घंटे चली इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी परमेश्वर कुमार, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित तोड़ू दस्ता अमले के साथ पहुंचे। इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस भी दी गई। पटेल चौक क्षेत्र पुराना दुर्ग थाना के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा, सड़क किनारे बांस बल्ली से तंबू लगाकर दुकान कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। मुख्यमार्ग के सामने फुटपाथ मोबाइल कवर दुकान, कपड़ा बेचने वालों सहित ठेले खोमचे को हटाया गया। अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती की कार्रवाही करने चेतावनी दी गई। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि दुकान के बाहर सामान को सजाकर सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नहीं तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाही के दौरान निगम तोड़ू दस्ता अमला मौजूद रहें।

# बीएमएस ने मनाया स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग द्वारा स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस को भारतीय मजदूर संघ द्वारा सर्वपंत समादर दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यालय दुर्ग में विभिन्न धर्म के अनुयायियों के उपस्थिति में गणेश शंकर विद्यार्थी जी बलिदान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में नलनीश मिश्रा ने कहा कि, विश्व समुदाय के विकास और देश के विकास के लिए शांति बहुत आवश्यक है इसके लिए सभी को एक दूसरे के धर्म का सम्मान करना चाहिए स्व गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने 1931 में कानपुर में फैले दंगे को रोकने के लिए बहुत प्रयास किया और जिसमें वह स्वयं शहीद हो गए जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि आज पूरे विश्व में धार्मिक कट्टरता विश्व की शांति के लिए खतरा बन चुकी है। समाज में हमारे देश में सभी को अपने धर्म को मनाने की स्वतंत्रता है परंतु धार्मिक सद्भावना रखना भी जरूरी है। भारत में सभी धर्म के मानने वाले लोगों के रहने के बाद भी सभी एकजुट के साथ शांति के साथ रहते हैं आज देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज के कार्यक्रम में गुरिंदर पाल सिंह, जतिन सिंह रंधावा, जमील भाई, कृष्णा कुमारी जिला स्तरीय मदर टेरेसा पुरस्कार से सम्मानित, मेरी पुष्पा राज्य स्तरीय मदर टेरेसा पुरस्कार से सम्मानित, सोमा हेमलता, एस मरियम, एस अभिषेक देवेंद्र कुमार चंद्राकर, यशवंत राव, वाल्मीकि सिंग, संजय कुमार गुप्ता और अन्य सदस्य शामिल हुए।

# एक करोड़ से 10 वार्डों में बनेंगी सीसी रोड, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के 22 वार्डों में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से 702 नये विद्युत पोल लगाने स्वीकृति मिली है, जो कल से लगना प्रारंभ हो जाएगा। करीब 1 करोड़ की लागत से 10 वार्डों में आवागमन को सुगम हो इसके लिए सीमेंटीकरण सड़क बनाने सहित शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक गजेन्द्र यादव ने आज भूमिपूजन किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, नये बसाहट वाले कॉलोनी में अभी तक पोल व लाईन विस्तार नहीं होने से विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन में व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। विद्युत पोल सह लाईन विस्तार किये जाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव से मांग किये थे। जिस पर स्वीकृति दी गई। शहर के आउटर में बने कॉलोनी में लाइन विस्तार की लंबित मांग पूरी हुई, नये बिजली पोल लगाने के लाखों की खर्च से नागरिकों को राहत मिलेगी। विद्युत विभाग के इंजिनियर ने बताया कि, विधायक की पहल से मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने 3 करोड़ 47 लाख की लागत से 58 स्थान पर कार्य होंगे। 10 नये ट्रांसफार्मर, 6 की लोडिंग क्षमता बढ़ाने, 27 किमी एटी लाइन का विस्तार करने और 702 नये बिजली पोल लगाये जायेंगे।

- 10 नये ट्रांसफार्मर भी लगेंगे



### इन वार्डों में बनेंगे सड़क

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए स्वीकृत हुए राशि से सीसी रोड बनाया जायेगा। वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25 में सीमेंटीकरण सड़क बनाने भूमिपूजन किया गया। इन वार्डों में सड़क जगह जगह गढ्ढे हो गए थे आवागमन में परेशानी की समस्या से निजात पाने वार्ड के नागरिकों ने मिलकर विधायक को समस्या बताई थी, सड़क बन जाने से वार्ड के नागरिकों का आवागमन सुगम हो जायेगा। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव ने इंजिनियर को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने निर्देश दिए।

**माता कर्मा की 1009वी जयंती में उमड़े सैकड़ों**

# भक्त कर्मा माता की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

साहू समाज की अराध्य देवी माता कर्मा जी 1009 वी जयंती के अवसर पर आज जिला साहू संघ केलाबाड़ी दुर्ग में भगवान श्री कृष्ण और कर्मा माता जी के मंदिर में पूजा अर्चना की गई एवं खिचड़ी का भोग लगाया गया।

- मां कर्मा के कार्यों को सराहा गया



भक्त माता कर्माजी का जन्म-संवत 1073 में चैत्र कृष्ण पक्ष की पाप मोचनी एकादशी के दिन हुआ था। मां कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी की गाथा जन-जन मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। इस अवसर पर जिला साहू संघ के सलाहकार राजेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष, रागिनी साहू, दिव्या कलिहारी, महासचिव राकेश साहू, अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू,मीडिया प्रभारी राकेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, यतीश साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, न्यायप्रकोष्ठ जेपी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक चौधरी, देवेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, जिला साहू संघ के सलाहकार राजेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष, रागिनी साहू, दिव्या कलिहारी, महासचिव राकेश साहू, अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, यतीश साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, न्यायप्रकोष्ठ जेपी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक चौधरी, देवेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष पोषण साहू थे।

### भव्य विशाल आयोजन होगा

इस अवसर जिला साहू सदन में जिला संघ के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू द्वारा बताया गया कि, 13 अप्रैल को दुर्ग के मानस में भव्य विशाल रूप में जिला स्तरीय कर्मा जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 1001 कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी एवं अतियो का उदबोधन होगा एवं समाज रत्नों का सम्मान होगा।

# ट्रचिंग ग्राउण्ड में स्थापित ट्रॉमेल मशीन से कचरे का निष्पादन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के अंतर्गत पोटिया स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड में लगभग 1.50 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित ट्रॉमेल मशीन से वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निष्पादन प्रारंभ हो गया है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड में कचरों की निष्पादन की कार्ययोजना नगर निगम दुर्ग द्वारा तैयार की गई है। निगम द्वारा उक्त कार्य हेतु मेसर्स मेकॉफ इंडिया लिमिटेड भोपाल एजेंसी को कार्यादेश जारी किया गया है। साथ ही एजेंसी को वर्षाऋतु के पूर्व कार्य पूर्ण करने आदेशित किया गया है। एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड में रखे गये कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन के साथ शहर से उत्पादित कचरों का भी निष्पादन किया जा रहा है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड में उक्त यूनिट के लगने और कचरों के नियमित निष्पादन से क्षेत्र में वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।निगम कमिश्नर श्री अग्रवाल ने बताया कि, पोटिया स्थित 47000 क्यूबिक मीटर कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा। इसके लिए ट्रॉमेल मशीन लगायी गई है जो कि कचरे को सेग्रीगेट करके प्लास्टिक, इनर्ट मटेरियल, आरडीएफ, बायो डिग्रेडेबल कचरा को अलग-अलग करेगी। आरडीएफ के निष्पादन के लिए सीमेंट फैक्ट्री से एमओयू किया गया है।

- 1.50 करोड़ की लागत से स्थापित की गई मशीन



# तुषार सिंह बने सर्व समाज संगठन के सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रगति भवन ऑफीसर्स एसोसिएशन बिल्डिंग सिविक सेंटर भिलाई में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमे तुषार सिंह डीजीएम भिलाई को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का संरक्षक सदस्य बनाया गया। उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष एनके बंछोर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भानु प्रताप यादव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन 26 मार्च को आगेसरा में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गुंडरदेही करेंगे। विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, प्रदीप केवट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समन्वय समिति मछुआरा समाज, कोमल देव निषाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री युवा मोर्चा समन्वय समिति मछुआरा समाज, डॉक्टर घनश्याम निषाद जिला अध्यक्ष निषाद समाज दुर्ग आदि उपस्थित होंगे।

### नगर के सद्भावना चौक में शहीद दिवस मनाया



**उतई।** शहीद दिवस पर आज अमर शहीद स्मृति स्थल सद्भावना चौक पाटन पुल उतई में अमर शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर नगर भाजपा उतई इकाई द्वारा माल्यार्पण कर देश के प्रति उनकी शहादत को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस दौरान सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, भीमसेन सिन्हा, सुनीता चंद्राकार, नरेंद्र साहू, हुबलाल चंद्राकार, गौतम चंद्राकार, राजेश साहू, एकता चंद्राकर, आलोक साहू, हितेश वर्मा, राहुलदेव यादव, हिमांशु साहू, जयेश आडिल, घनश्याम चंद्राकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तालाबों को भरने खपरी जलाशय से छोड़ा पानी



**अंडा।** शहर ही नहीं ग्रामीण अंचलों में निस्तारी के लिए पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए बालोद जिला के तांदुला व खपरी जलाशय से पानी छोड़ा गया है। खपरी मध्यम जलाशय से जिले के दुर्ग ब्लाक के 15 गांवों के तालाबों को भरा जा रहा है। अप्रैल से जिले में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। वर्तमान में दुर्ग-ग्रामीण क्षेत्र सहित जिले के कई तालाब सूख गए थे । इन ग्राम के तालाब ग्राम रिसामा, मतवारी, जंजगिरी, अंडा, भानपुरी, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, कुथरेल सहित अन्य गांवों के तालाबों में पानी भरा जायेगा।

### निधन

#### मंगल प्रसाद लोधी



**भिलाई।** पूर्व महापौर सुश्री नीता लोधी के पिता मंगल प्रसाद लोधी का सेक्टर-9 अस्पताल में मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को दोपहर 2 बजे निज निवास सेक्टर 5, सड़क 39, क्वार्टर 5बी से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नरेंद्र लोधी, सुरेंद्र लोधी, उमा लोधी के पिता और रमेश लोधी के ससुर थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया भक्त माता कर्मा जयंती, निकाली कलशयात्रा

# समाज में संख्या बड़ी होना मायने नहीं रखता, विचार बड़े होने चाहिए: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती ग्राम कुथरेल में मुख्य अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा की आप सभी को कर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। आगे कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए, हमें व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने चाहिए, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए और सामाजिक सुधार आंदोलनों का समर्थन करना चाहिए। समाज के पूर्व अध्यक्षों से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने में प्रयास करना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि हम सबको माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। जिस प्रकार त्याग को अपनाया, उसी प्रकार समाज के तत्वावधान में हमें भी मां कर्मा माता की तरह आने वाली प्रत्येक त्याग को अपनाकर आगे बढ़ना है। समाज के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की बात कही। समाज के पदाधिकारी रहने पर उन्हें पद का दुरुपयोग और अहम में ना रहे आप जितने ज्यादा झुकेंगे।

**कुथरेल में कर्मा जयंती आयोजित**



उतनी ज्यादा लोगों को जोड़ेंगे संगठन का मतलब है जोड़ना। जितने लोगों से आप जुड़ेंगे उतना आपका कद ऊंचा होगा और आपके समाज मजबूत होगा। इस कार्यक्रम अध्यक्षता पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, रमशीला साहू पूर्व मंत्री छग शासन, डॉ. भारती साहू प्रदेश महिला संयोजिका रायपुर एवं संचालिका अथर्व कालेज, विशेष अतिथि मति देवी संयोजिका जिला महिला साहू संघ दुर्ग, टीकाराम साहू संयोजक जिला न्याय समिति साहू संघ दुर्ग, लक्ष्मी साहू संयोजिका तहसील महिला साहू संघ दुर्ग एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्ग छन्नूलाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल आदि उपस्थित थे।

### साहू समाज संगठित, मेहनतकश कर्म प्रधान समाज : पूर्व सीएम भूपेश



**पाटन।** पाप मोचनी एकादशी भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों एवं साहू समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को तहसील साहू संघ पाटन अंतर्गत आने वाले स्थानीय साहू समाज सोरम के तत्वावधान में कर्मा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए। अध्यक्षता तेलीगुंडरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष दुलेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व तहसील अध्यक्ष अश्वनी साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, कुसुमलता राकेश आडिल जपं सदस्य, उपसरपंच संगीता वर्मा, बद्रीनाथ साहू, गैंदलाल साहू,आरती साहू आदि मंचासिन थे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि त्याग, तपस्या, प्रेम, भक्ति भाव की प्रतिमूर्ति भक्त माता कर्मा थीं। इस अवसर पर स्थानीय अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष कल्पना साहू, सचिव टेमन साहू, कोषाध्यक्ष दुलेश्वर साहू सहित सेवक राम साहू, महेश कुमार साहू, गोपी साहू, उमाकांत साहू, तोरण साहू, सुरेश साहू, चुन्नीलाल साहू, समय लाल साहू, रेखराम साहू, टोपू राम साहू आदि उपस्थित थे।

### माता कर्मा ने अहंकार से परे धैर्यता के साथ जीवन जीने की सिखाई कलाः लालेश्वर

**जामगांव आर।** भक्त माता कर्मा की 1009वी जयंती शोभायात्रा के साथ गातापार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अतिथि लालेश्वर साहू कार्यकारी अध्यक्ष तहसील पाटन, टेशराम साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष बेलहारी, कल्पना नारद साहू जिला पंचायत सदस्य, जयंती साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अजय साहू जनपद सदस्य पाटन, विमल साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी, रेवाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत गातापार, होरीलाल साहू पूर्व सरपंच ग्गातापार, दिलीप साहू उपसरपंच गातापार उपस्थित थे। वहीं युवराज, नोमेश, पवन, कौशिल्या, गितेश्वरी, टामेश्वरी, संतोषी ने अतिथियों का स्वागत किया। मेधावी बच्चो का अतिथियों ने सम्मान किया। भक्तों ने सामूहिक भोजन प्रसाद ग्रहण किए। तहसील कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि माता कर्मा के बताए रास्ते पर चलकर जीवन को सार्थक बनाए जीवन में सुख दुख सब आयेंगे संभलकर



चलने की कला माता कर्मा की जीवनी में देख सकते हैं। प्रेरणा पाकर जीवन को मंजिल दे सकते हैं। अहंकार से परे धैर्यता के साथ जीवन को उत्कृष्ट बनाने की कला माता कर्मा ने सिखाई। वहीं जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने कहा कि माता कर्मा ने जो संस्कार दिए है उसको जीवन में उतार कर जीवन को अच्छा सा जी सकते हैं। भाईचारा के साथ जीते हुए घर परिवार समाज का भला कर सकते है पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती साहू ने कहा कि माता कर्मा हमारे आराध्य है उनकी आराधना से भक्तों को दिशा मिलती है। वहीं स्थानीय अध्यक्ष गजेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू, सचिव अरुण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष धनाराम साहू एवं बुधन साहू, पुनुराम साहू, दिलीप साहू, गोपेश्वर साहू, विश्राम साहू, त्रिवेणी साहू, गायत्री साहू, सुनीता साहू, भलेश्वरी साहू, वामीन साहू, लता साहू की टीम ने आयोजन की सफलता में सराहनीय भूमिका निभाया।

### हिन्दू जागरण मंच ने शहीदों को किया याद



**कुम्हारी।** हिंदू जागरण मंच कुम्हारी द्वारा रविवार को शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जैसे अमर शहीदों की याद में शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया गया। इसके अलावा अमर शहीद वीर नारायण सिंह तथा गणेश सिंह का भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में हिंदू जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक निश्चय बाजपेई थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक अवधेश दुबे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीदों के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई तत्पश्चात आलोक दुबे द्वारा मातृभूमि पर शानदार देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं चैताली द्वारा 'तेरी मिट्टी में मिल जावा' देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार शुक्ला, राजकुमार सिंह, गीतेश्वर साहू, गिरीश सोनी, शंकर लाल मढ़रिया, हिंदू जागरण मंच छत्तीसगढ़ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राम बिहारी मिश्रा, शीतल रावते अलका चौधरी, सीमा राव, माया ठाकुर एवं वैशाली रावते सहित अन्य स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कुम्हारी रेलवे स्टेशन में सुविधाओं को लेकर हुई सलाहकार समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी



■ स्थानीय रेल्वे स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

कुम्हारी रेल्वे स्टेशन में तमाम मूलभूत सुविधाओं को लेकर स्टेशन मास्टर के साथ सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को संम्पन्न हुई। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्यों ने कहा कि जब सभी रेल्वे स्टेशनों के विकास हो रहा है तो वर्षो से कुम्हारी का रेल्वे स्टेशन उपेक्षित क्यों है? स्थानीय स्टेशन मास्टर गोपाल चंद दास के कार्यालय में सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश दुबे, अश्वनी साहू एवं भूपेंद्र जैन द्वारा यहां की समस्याओं पर चिन्ता जाहिर करते हुए चर्चा की गई कि देशभर में अमृत मिशन के तहत विकास कार्य हो रहे हैं ऐसे में कुम्हारी का रेल्वे स्टेशन अभी भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा है। सलाहकार समिति ने बैठक में कुछ सुविधाओं की मांग की है जिनमे प्रमुख रूप से प्लेटफार्म नम्बर 1 और 2 को ऊंचा एवं लंबा करने, नगर से प्लेटफार्म में प्रवेश पर कोई प्लेटफार्म नहीं है सिर्फ पटरियां ही हैं ऐसे में किसी भी तरह की दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता। विकलांगों को रेल्वे प्लेटफार्म में जाने के लिए लिफ्ट अथवा एक्सेलरेटर की सुविधा भी नही है जो कि अत्यधिक आवश्यक है जिस पर यथाशीघ्र कार्य हो। इसके अलावा स्टेशन मास्टर ऑफिस, बुकिंग ऑफिस एवं विश्रामगृह इत्यादि सभी कार्यालय कुम्हारी नगर की ओर हो, पैदल यात्रियों के लिए ओवरब्रिज पुल को और आगे पीछे तक बढ़ाया जाए, रेल्वे स्टेशन के दूसरी ओर कुगदा में स्थित शासकीय शराब दुकान को अन्यत्र ले जाया जाए, वहीं कुम्हारी के बजरंग चौक कांजी हाउस के रेल्वे फाटक होते कैवल्यधाम तीर्थ, परसदा, पहंदा एवं मोतीपुर अतिशीघ्र अंडरब्रिज का निर्माण कराया जाए एवं कुम्हारी रेल्वे स्टेशन से नेशनल हाईवे तक मार्ग में डिवाइडर का निर्माण कर दोनों ओर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराई जाए। उक्त तमाम मांगो को लेकर सलाहकार समिति स्थानीय रेल्वे स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा।

### सामूहिक आदर्श विवाह स्थल का साहू समाज के पदाधिकारियों ने किया भूमिपूजन



**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के ग्राम डीह 19 एवं 20 अप्रैल को तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया गया है। आयोजन की तैयारी को लेकर पाटन तहसील के सभी 99 इकाइयों में बैठक जारी है। रविवार को अमलेश्वर डीह में कार्यक्रम की तैयारी एवं कार्य विभाजन के लिए बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के बाद कार्यक्रम स्थल का सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा भूमिपूजन किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू,खेमलाल साहू,,नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू साहू, मोहन साहू, किशन हिरवानी, सरिता साहू, गायत्री साहू, कल्याण साहू, टीका राम साहू, कृष्ण कुमार साहू, गीता साहू, दुलारी साहू, सुखदेव साहू, रामनारायण साहू, डोमन लाल साहू आदि मौजूद थे।

### लोगों की समस्याओं को दूर करने किया निरीक्षण



**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के वार्ड 1 के पार्षद चंद्र प्रकाश देवांगन और वार्ड 2 के पार्षद दोनों ही शपथ लेते ही ऐक्शन मूड में दिखे आज सुबह से अपने ही वार्ड में निकले निरीक्षण में लोगो से मिल कर जनता की समस्या को सुनते नजर आ रहे हैं। पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन सुबह के समय वार्ड को लेकर कर भ्रमण करने निकले और साफ़ सफाई और पानी की समस्या को ध्यान में रख कर कार्य करने को नगर पंचायत के जे सीबी के माध्यम से नाली को साफ कराई जा रही है और नगर पचायत के कर्मचारियों को कहा और वार्ड की साफ़ सफाई करने कहा गया।

## अंचल की खबरें

### सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ हवन



**सेलूद।** पाटन ब्लाक में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन आंदोलन के 9 वें दिन आंदोलन स्थल जनपद पंचायत पाटन के सामने भक्त माता कर्मा की जयंती मनाया और सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए यज्ञ हवन किया। आंदोलन स्थल पर सचिवों को हवन पूजन करते देख आसपास से ब्लाक और तहसील के कार्यो से आए आमजन भी सचिवों के आंदोलन स्थल पर पहुंचकर हवन पूजन में शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लाक सचिव संघ पाटन अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर द्वारा जानकारी दी गई कि पंचायत सचिवों के आंदोलन से पाटन के सभी 108 पंचायतों में मनरेगा, वृद्धावस्था पेंशन, पेयजल व्यवस्था, आवास योजना सर्वेक्षण, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, नवीन सरपंचों का प्रभार और स्थायी समितियों का गठन सहित लगभग 200 प्रकार के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अभी तक सचिवों के पक्ष में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। गौरतलब है कि भाजपा के घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को 100 दिनों के भीतर शासकीयकरण करने का वादा किया गया था, जिसे पूरा कराने के लिए पंचायत सचिवों को आंदोलन पर जाना पड़ा है।

### जामगांव आर में श्रीराम जन्मोत्सव मनाने बैठक आज



**जामगांव आर।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव का भव्य समारोह जामगांव आर में 6 अप्रैल को आयोजित करने जन कल्याण रामोत्सव समिति संयोजक जनपद सदस्य प्रणव शर्मा की उपस्थिति में प्रथम बैठक जामगांव आर में संपन्न हुई। 26 मार्च को दोपहर 3 बजे व्यापक योजना बनाने निमित कला मंच जामगांव आर समीप भवन में बैठक रखी गई है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित होकर समिति सदस्यों का प्रभावी मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, नरेश केला, किशोर साहू, लीलाधर वर्मा, हलधर महमला, मुकेश साहू, राकेश शर्मा, नोहर साहू, मेघनाथ सागरवंशी,अंगेश्वर साहू, शैलेन्द्री मंडावी, पूर्णेन्द्र सिन्हा, हर्ष साहू, लोमेश बंजारे, हेमंत बंजारे, बाबूलाल साहू, चूरामन साहू, द्वारिका साहू आदि उपस्थित थे।

### ठेठवार यादव समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**पाटन।** छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव समाज पाटन राज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन शनिवार और रविवार को किया गया। इस सम्मेलन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ ही समाज के जितने भी महिला पुरुष सरपंच, पंच, उपसरपंच निर्वाचित हुए है उनका सम्मान भी किया गया। इसके अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकार बलराम यादव का तथा खेल के क्षेत्र में वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी सूरज यादव का विशेष सम्मान किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस शनिवार को छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव समाज पाटन राज का अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। सर्वसम्मति से ईश्वर यादव बोरंदा को पुन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा अश्वनी यादव ग्राम परसाही को कोषाध्यक्ष एवं अश्वनी यादव ग्राम पहादा को सचिव बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी का मनोनयन अध्यक्ष ईश्वर यादव करेंगे इसका भी निर्णय लिया गया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का सम्मान समाज के द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस रविवार को सुबह कार्यक्रम की शुरुआत पूजा चर्चा के बाद हुई। मंच पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष ईश्वर यादव , अश्वनी यादव, सचिव अश्विनी यादव ,संरक्षक अर्जुन यादव, नंदकुमार यादव , महिला प्रकोष्ठ के पाटन राज अध्यक्ष भारती यादव, मंजू यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुई संगीता



**धमधा।** भाटापारा आयोजित श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म कल्याण रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चिन्मय अलंकरण वृद्ध शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और नवाचारी कार्य करने वाले सम्मानित शिक्षकों को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव रतन शर्मा, अशोक जैन, एमपी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सरकारी अस्पतालों में है निशुल्क जांच व उपचार की सुविधा

# विश्व क्षय दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर पाटन ब्लॉक के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में हुआ। आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में भी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर ग्रामीणों को टीबी रोग के बारे में जानकारी दिया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी के आरएचओ बसंत साहू ने लोगों को जानकारी दिया कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु से होता है तथा यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में ड्रापलेट इंफेक्शन की वजह से फैलता है इसलिए खाँसते या छींकते समय रुमाल का उपयोग अवश्य करना चाहिए। आरएचओ मधु साहू ने टीबी रोग के लक्षण के बारे में बताया कि यदि किसी में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी आना, शाम




को हल्का बुखार रहना, अपने आप वजन कम होना, भूख न लगना, खांसते वक्त बलगम में खून आना, सीने में दर्द होना आदि शिकायत रहता है तो वह टीबी हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में निकट के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच अवश्य करवाना चाहिए। टीबी रोग के निदान के बारे में बताते हुए कहा कि टीबी की संभावित लक्षण मिलने पर जांच मितान (रनर) की सहायता से घर बैठे ही खखार जांच कराने की सुविधा पाटन ब्लॉक में है इसके लिए सुबह का स्पुटम देना होता है जिससे उसका ट्रूनाट पद्धति से टेस्ट हो जाता है। टीबी मरीज को डॉट्स पद्धति से इलाज की सुविधा प्रदान किया जाता है जिसके तहत मरीज को घर पर ही दवाई प्राप्त हो जाता है जिससे मरीज को अस्पताल के चक्कर लगाना नही पड़ता। साथ ही टीबी रोग से बचाव के लिए बच्चो को जन्म के तुरंत बाद बीसीजी का टीका अवश्य लगाना चाहिए, स्वस्थ जीवन शैली का अनुशरण करना चाहिए, बीड़ी, सिगरेट, शराब का सेवन नही करना चाहिए ,व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ साथ वातावरणीय स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर रामप्रसाद कुशवाहा, शोभावती, बिष्णु साहू, युगल किशोर साहू, पदमा साहू, भुवनेश्वरी साहू, किरण साहू, सरोज साहू, नेम बाई साहू, बालकिशन साहू आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Bhagwat Prasad Sahu is Father of Army No-15696040 A, Rank. HAV. Name. Sunil Kumar Sahu - Resident at Village MOUHARI MARODA NEAR SHIV MANDIR Ward No. 15. POST CIVIC CENTER P.S. NEWAI Dist. DURG (C.G) PIN 490006. I have Changed my Name & DOB. Bhagwat Prasad to Bhagwat Prasad Sahu and Date of Birth 01 July 1956 to 01/01/1959 in my all documents vide affidavit Dated 12 March 2025 Before District Court Durg (CG)

DEPONENT

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

विषयः- स्थल जांच बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. क्यू दिनांक 10/03/25 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री / श्रीमती मनोज कुमार दुबे पिता/पति विष्णु प्रसाद दुबे निवासी सिकोला द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 193/1, 193/11, 193/31 193/32, 193/33, 193/34, 193/35, 194/1, 194/9, 1194/7 रकबा 1.940. हे. जिसकी सीमा चौहदी सीमावर्ती भूमि स्वामी को दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 28/03/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 01.00 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 25/03/2025

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-सिकोला

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Meena Sahu Is Mother of Army No-15696040 A, Rank. HAV. Name. Sunil Kumar Sahu - Resident at Village MOUHARI MARODA NEAR SHIV MANDIR Ward No. 15. POST CIVIC CENTER P.S. NEWAI Dist. DURG (C.G) PIN 490006. I have Changed my Name & DOB. Meena Bai to Meena Sahu and Date of Birth 01 July 1964 to 01/01/1966 in my all documents vide affidavit Dated 12 March 2025 Before District Court Durg (CG)

DEPONENT

## खबर संक्षेप

### इस्को को मिला कॉर्पोरेट उत्कृष्टता अवार्ड

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान सेल कॉर्पोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 और 2024 प्रदान किए। यह पुरस्कार कंपनी के उन संयंत्रों एवं इकाइयों और कार्मिकों को प्रदान किया गया। इस्को इस्पात संयंत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र को क्रमशः वर्ष 2022-23 और 2023-24 के प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ इस्पात संयंत्र का पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए, सर्वश्रेष्ठ संयंत्र/इकाई (एकीकृत इस्पात संयंत्रों के अलावा) का पुरस्कार सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सेट) और मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई) को प्रदान किया गया । कार्यक्रम मे सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश समेत सेल के निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### सांसद बघेल ने लोकसभा में उठाया हायर पेंशन का मुद्दा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी हायर पेंशन को लेकर पसोपेश में हैं। सांसद विजय बघेल ने संसद में ईपीएस का मुद्दा उठाया है। सांसद के प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय श्रम राज्य मंत्री शोभा ने साफ किया है कि स्वतंत्र भविष्य निधि (पीएफ) ट्रस्टों के सदस्यों को कर्मचारी पेंशन योजना ( ईपीएस-95 ) के तहत उच्चे पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। इससे कर्मचारी निराश हैं। श्रम राज्य मंत्री ने सांसद बघेल के प्रश्न के जवाब में बताया कि ईपीएस के तहत उच्च वेतन पर पेंशन अंशदान का निर्णय कर्मचारी व नियोक्ता के बीच किया गया एक संयुक्त विकल्प था। ईपीएफओ ने सर्वोच्च न्यायालय में यह दलील दी गई थी कि ईपीएस से बाहर रहने वाले कर्मचारियों को बड़ी भविष्य निधि या बड़ी पेंशन में से किसी एक का विकल्प चुनना होगा। कोर्ट ने इसे सही करार दिया। गौरतलब हो कि सेल कर्मचारी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और उन्हें आशा थी कि उनके समर्थन में सकारात्मक पक्ष आएगा । लेकिन मंत्री के जवाब से निराशा है। बीएसपी कर्मी पशोपेस में है। उनके प्रश्न हैं कि ईपीएस में मूल वेतन और डीए का 8.33 परसेंट अंशदान क्यों नहीं दिया गया। स्वतंत्र पीएफ ट्रस्ट का गठन क्यों नहीं किया गया। फिर कर्मियों को नियुक्ति के समय बड़ी पेशन या बड़ी पीएफ का विकल्प क्यों नहीं दिया गया।

# कार्बन उत्सर्जन में कमी कर ग्लेशियर संरक्षण में दें योगदान

## जल दिवस पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया की परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विश्व जल दिवस-2025 के अवसर पर द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा तकनीकी प्रस्तुतीकरण और समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईआईपीई की छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा भी सहभागिता दी गई।

मुख्य वक्ता वैज्ञानिक, छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर, प्रशांत कविश्वर ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित विषय "ग्लेशियर संरक्षण" पर प्रस्तुतीकरण दिया। बताया कि छत्तीसगढ़ जैसे मैदानी क्षेत्र में रहकर भी कार्बन उत्सर्जन में कमी कर ग्लेशियर संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के डॉ. निनाद बोधनकर, बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय, सुनील सिंघल, उत्पल दत्ता, जीएम प्रभारी उमा कटोच, जेपी सिंह, महाप्रबंधक के प्रवीण आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। श्री बोधनकर ने कहा कि यह कार्यक्रम जल संरक्षण पर विशेषज्ञों के बीच गंभीर विमर्श का मंच बना है और इससे प्राप्त ज्ञान और सुझावों से जल संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल संभव होगी। राजीव पाण्डेय ने कहा कि जल का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। उन्होंने ताप विद्युत संयंत्रों में जल उपयोग और इसमें आई तकनीकी प्रगति की जानकारी दी । श्री सिंघल ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में जल का उपयोग मुख्यतः कूलिंग, डीस्केलिंग, कोक क्वेंचिंग एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण गतिविधियों में होता है।




### 2050 तक जल की उपलब्धता आधी

उमा कटोच ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं वर्तमान उपयोग दर को देखते हुए वर्ष 2050 तक जल की उपलब्धता आधी हो सकती है। स्वागत भाषण मानसेवी सचिव, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के बसंत साहू ने दिया। विश्व जल दिवस-2025 कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मानसेवी सचिव, डॉ. नागेन्द्र त्रिपाठी ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन निधि शुक्ल और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सचिव नागेंद्र त्रिपाठी ने दिया। कार्यक्रम में पूर्व निदेशक, मेकॉन रांची मिथिलेश देशमुख, अध्यक्ष, भिलाई शाखा अध्यक्ष पुनीत चौबे, अध्यक्ष, आईआईपीई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष एएन सिंह आदि उपस्थित थे।

## श्रमिक विरोधी बताकर सरकार से वापसी की मांग, वेतन व सेवाओं पर पड़ेगा असर

# एक अप्रैल से लागू होगा नया लेबर कोड, विरोध में एकजुट हुई यूनियनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक अप्रेल से केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले चार लेबर कोड ( श्रम संहिताओं ) को लेकर यूनियनों ने एकजुट होते हुए इसके विरोध में केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। श्रमिक संगठनों द्वार। लेबर कोड को श्रमिक विरोधी बताते हुए सरकार से वापस लिए जाने की मांग की गई है । सीटू सहित भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारती ठेका मजदूर संघ ने भी लेबर कोड का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि चार श्रम संहिताओं के विरोध में केंद्रीय यूनियनें पिछले लंबे समय से धरना प्रदर्शन आंदोलन कर चुकी हैं। नए लेबर कोड को पांच दिन बाद देश में लागू किए जाने से यूनियनों का विराध बढ़ गया है।

सीटू यूनियन ने भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहीद दिवस के आयोजन में चार श्रम संहिताओं के दुष्प्रभाव पर परिचर्चा की। शहीदों को श्रद्धा पुष्प अर्पित कर सभी ने नमन किया। श्रमिक विरोधी श्रम संहिताकरण विषय पर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण देकर श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग की। सीटू के अध्यक्ष विजय कुमार जांगड़े ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथी एक शोषण विहीन भारत का सपना देखे थे और वह अंग्रेजों के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए फांसी को चुना था। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए उन जन विरोधी नीतियों का विरोध करें और शोषण विहीन समाज के लिए संघर्ष करें। सीटू नेता एसपी डे सहित वक्ताओं ने कहा कि आजादी के पूर्व और आजादी के बाद लंबे संघर्षों से श्रमिकों कर्मचारियों ने जिन अधिकारों को प्राप्त किया है उन अधिकारों को छीन लेने के लिए किए गए संशोधन को छुपाने के लिए सरकार ने 29 श्रम कानून को चार श्रेणियों में बांट कर अलग-अलग श्रेणी को अलग-अलग संहिता का नाम दिया है। 300 से कम कर्मियों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान में कर्मियों की कुल संख्या का 10% या अधिक सदस्यता बनी रहनी चाहिए अन्यथा पंजीयन निरस्त हो सकता है। 300 से कम कर्मचारियों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान में स्थाई आदेश लागू नहीं होगा। इसके साथ ही वहां साप्ताहिक अवकाश, प्रतिदिन काम के घंटे, अवकाश लेने के नियम, अनुशासनात्मक कार्यवाही आदि मामलों में प्रबंधन को स्वेच्छाचारिता की छूट मिल जाएगी। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा भी दांव पर होगी। लेबर कोड को श्रमिक हित में वापस लेने की मांग सरकार से की गई।

### महिलाओं को नाइट शिफ्ट अनिवार्य



### सामाजिक सुरक्षा को लेकर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

छग संविदा मजदूर महासंघ के प्रदेश सचिव अनिल कुमार साहू ने बताया कि छग सहित देशभर के ठेका मजदूरों के शोषण को समाप्त करने भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अभा ठेका मजदूर महासंघ के ओडिशा तालचेर राष्ट्रीय अधिवेशन में इस अधिवेशन में मजदूरों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष जारी रखने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। मांगों को लेकर लेटलतीफी से औद्योगिक क्षेत्र, इस्पात और नगर निगम सहित कोयला खदान बिजली, इस्पात, परिवहन, सरकारी और अर्ध-सरकारी क्षेत्रों के असंगठित मजदूरों प्रभावित हो रहे हैं। वेतन संहिता और सामाजिक सुरक्षा संहिता सहित मजदूरों की सभी लंबित मांगों को जल्द पूर्ण नहीं किए जाने पर देशव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के. श्रीनिवासन और महासचिव सचिन मेंगाले ने सभी ठेका मजदूरों से एकजुट होकर इस संघर्ष में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की गई।

### ठेका श्रमिकों की हैं यह मांगें

ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन देने, समय पर वेतन भुगतान और शोषण से मुक्ति के लिए वेतन संहिता ( वेज कोड) व सामाजिक सुरक्षा संहिता सोशल सिक्योरिटी कोड को तत्काल लागू करने की मांग की गई। लागू होने से पेंशन, भविष्य निधि, स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाएं मजदूरों को उपलब्ध हो सकेंगी। इनके अलावा ठेका प्रथा रोकने के लिए सख्त नियम बनाने, मजदूर कल्याण बोर्ड और शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया जाए, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने,एक देश, एक वेतन" नीति के क्रियान्वयन, बोनस पात्रता सीमा और कर्मचारी राज्य बीमा योजना की सीमा 42,000 रुपए तक बढ़ाई जाए और भविष्य निधि का लाभ वास्तविक वेतन पर दिया जाए और पेंशन को महंगाई भत्ते से जोड़े जाने की मांगें शामिल हैं। प्रदेश महामंत्री अजय रेड्डी ने बताया कि वेतन संहिता के लागू होने से मजदूरों को नियमित और न्यायसंगत वेतन मिलेगा, जिससे वेतन भुगतान में अनियमितता की समस्या समाप्त होगी। सामाजिक सुरक्षा संहिता के लागू होने से ठेका मजदूरों को स्वास्थ्य सुविधाएं, सेवानिवृत्ति पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे जिससे उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित होगा। वर्तमान में ठेका प्रथा के कारण मजदूरों को अस्थिरता और शोषण का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इन संहिताओं के लागू होने से उनके आर्थिक और सामाजिक जीवन में सुधार होगा। अधिवेशन में संघ की नई कार्यकारिणी क चुनाव में तेलंगाना राज्य से अध्यक्ष के. श्रीनिवासन ,पुणे महाराष्ट्र से महामंत्री सचिन मेंगाले एवं छत्तीसगढ़ राज्य से सचिव पद पर देवेन्द्र कुमार कौशिक और अनिल कुमार साहू निर्वाचित हुए हैं।

# बैंक खाते में 3 करोड़ 74 लाख 87 हजार आया, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

म्यूल बैंक खातों में करोड़ों रुपए ट्रांजेक्शन मिलने के बाद पुलिस ने जांच करना शुरु किया। करोड़ों रुपए का लेनदेन की जानकारी पुख्ता होने पर चार युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2),317(4),318(4),61(2)ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आई कि स्मृति नगर स्थित बंधन बैंक के 13 बैंक खाता धारकों के खिलाफ शिकायत मिली थी। जांच करने पर खातों के ट्रांजेक्शन डिटेल का निरीक्षण करने पर बैंक खातो से डिस्ट्यूटेड रकम 50 लाख 1 हजार 767 रुपए मिला। खातों में कुल सायबर ठगी रकम 3 करोड़ 74 लाख 87 हजार 193 रुपये का लेनदेन होना पाया गया है। पुलिस को 13 म्यूल बैंक खातो की जानकारी बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर से मिली। मकान नंबर 241 चौहान ग्रीन वैली भिलाई निवासी आरोपी अंशुल तिवारी के खाता में के बारे में सिंहगढ रोड जिला पुणे रोड महाराष्ट्र में ऑनलाइन ठगी की शिकायत हुई थी। खाते से 40 लाख 45 हजार 600 रुपए, वार्ड 47 रायपुर नाका पदमनाभपुर दुर्ग ललित कुमार चौहान के खाता के बारे में पार्क स्टीट जिला कोलकाता साउथ डिविजन पश्चिम बंगाल 65 हजार रुपए, मकान नंबर 31 वार्ड 51 चंद्रमा चौकर शिवाजी नगर खुर्सीपार संजय कुमार शर्मा के खाता में जिला सोलापुर शहरी महाराष्ट्र में 45 हजार रूपये का ठगी की शिकायत हुई थी। कार्रवाई में डीएसपी शिल्पा साहू, दुर्ग रेंज निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम, साइबर थाना उप निरीक्षक नवीन राजपुत समेत अन्य साइबर पुलिस टीम का योगदान रहा है।

■ सायबर पुलिस की कार्रवाई

### ऐसे खातों में रुपए आए

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने अपने बैंक खातों में काफी रकम ट्रांजेक्शन होना पाया गया। पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ करने पर 1 चेक बुक, एटीएम कार्ड जब्त किया गया। बैंक खाता आरोपियों का अलग-अलग नाम का होना स्वीकार किया। खाता को दुसरे को बेचना भी स्वीकार किया है। आरोपी अंशुल तिवारी द्वारा बैंक खाते को स्वयं संचालन कर एचडीएफसी बैंक खाता16 लाख 17 हजार 477 रूपये ट्रांसफर कर 9 लाख 50 हजार रूपये चेक से आहरण करना स्वीकार किया। आरोपी संजय कुमार शर्मा ने बयान में पुलिस को बताया कि बंधन बैंक खाता स्मृति नगर भिलाई में कार्यरत कर्मी मकान नबंर 77/ डीकेएलसी जोन 2 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी दीपांकर सिंह का एटीएम कार्ड, चेक बुक,मोबाइल नंबर उसके ही खाते का उपयोग करना बताया गया।

# बाबा बालकनाथ मंदिर प्रांगण में 80 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन और डोम शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मन्दिर में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने तीन महीने की मानदेय राशि अर्पित करने के बाद आज मंदिर प्रांगण में 80 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन और डोम शेड निर्माण की घोषणा की है। आपको बता दें कि 61 वर्ष पूर्व गुरुदेव महाराज सेवाराम भगत द्वारा सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ की प्रतिमा की स्थापना खुर्सीपार में की गई थी। तब से भिलाई दुर्ग रायपुर सहित छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मंदिर में प्रतिवर्ष महायज्ञ एवं विशाल महाभंडारा होता है जिसमें लाखों श्रद्धालु पहुंच कर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। बाबाजी का महायज्ञ एवं महाभंडारा मार्च महीने में लगभग 8 से 10 दिन तक होता है। इस दौरान वाहन रैली, झंडा लेकर प्रभात फेरी, बाबाजी का अभिषेक एवं विशाल भंडारा के आयोजन में देश के भिन्न भिन्न शहरों से श्रद्धालुजन भाग लेते हैं और एक लाख से अधिक लोग महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मन्दिर के प्रति भिलाई-दुर्ग के निवासियों की गहरी श्रद्धा है। बाबा बालकनाथ मंदिर की रसोई में 50 हजार से ज्यादा लोगों का भोजन तैयार होता। छत्तीसगढ़ के शहरों सहित अन्य प्रदेश से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। यहां सामुदायिक भवन और डोम शेड निर्माण से श्रद्धालुओं को सहुलियत होगी।



■ ोम शेड निर्माण से श्रद्धालुओं को सहुलियत होगी

# हायर पेंशन के दावों का जल्द हो निपटान

**भिलाई।** ऑल इंडिया कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ ईपीएस पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सांसद विजय बघेल से हायर पेंशन के दावों के शीघ्र निपटान की मांग की गई है। सांसद के निजी सहायक को सौंपा गया। ईपीएफओ द्वारा पेंशन भोगियों के साथ ठगी और भारत सरकार की पूर्ण उदासीनता के खिलाफ देशभर के सांसदों के माध्यम से सौंपा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में बृजेंद्र तिवारी, पीआर वर्मा ,पीसी शर्मा, अब्दुल अजीम, श्यामलाल साहू ,योगेंद्र शर्मा आदि शामिल थे।ज्ञापन में इपीएस पेंशनर्स के प्रति केंद्र सरकार के रवैया पर गहरा रोष जाहिर करते हुए मांग किया गया है कि न्यूनतम पेंशन 9000 डीए के साथ प्रतिमाह भुगतान किया जाए । उचित मूल्य की दुकानों से आवश्यक वस्तुएं देने, यात्रा में रियायत दिया जाए तथा निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, इपीएस 95 योजना में सितंबर 2014 से लागू ई 609 के तहत किए गए परिवर्तनों को रद्द किया करने की मांग की गई। साथ ही हायर पेंशन के दावों के शीघ्र निपटान के लिए उचित संसाधन और पर्याप्त कर्मचारी प्रदान करने,शेयर बाजार में पेंशन कोष की राशि के निवेश पर रोक लगाने और निवेश किए गए फंडों के लिए सरकार काउंटर गारंटी प्रदान करने और पीएफ व पेंशन दावों को गैर निपटान के कारणों की जांच कराने की मांग की गई। यूनियन ने सरकार से सभी मांगों को तत्काल पूर्ण कराने की मांग की गई।



# सलमान को एमआईसी में लेने का मामला तूल पकड़ा, महापौर को बर्खास्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम में पार्षद सलमान को एमआईसी में शामिल करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने इसे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अधीन राज्य पत्र द्वारा अधिसूचित लोक मत द्वारा स्थापित विधि व संविधान के उल्लंघन किये जाने तथा उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर गलत व्याख्या कर धोखाधड़ी करने के कारण महापौर के विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होने नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव को पत्र लिखा है।

■ नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने नगरीय प्रशासन सचिव को लिखा पत्र

### चंदन ही पार्षद



नेता प्रतिपक्ष सिनहा ने कहा है कि आज दिनांक तक चंदन यादव को जारी किये गये निर्वाचन प्रमाण पत्र 31 जनवरी 2025 एवं छग राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी छ.ग. राजपत्र क्रमांक 143 , 24 फरवरी 2025 के विरुद्ध कोई भी चुनौती किसी के भी द्वारा न्यायालय में नही दायर की गयी और ना ही इनके संबंध में शासन द्वारा कोई संशोधित आदेश जारी किया गया इसलिए आज भी शारदापारा वार्ड-35 का चंदन यादव ही निर्वाचित पार्षद है। याचिका में इन्होने छग निर्वाचन आयोग को पार्टी नही बनाया था और न ही उच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयोग को कोई निर्देश दिये है और न ही महापौर नगर निगम भिलाई को पार्टी बनाया गया था और न ही न्यायालय ने महापौर नगर निगम भिलाई को कोई निर्देश दिये थे।

### चंदन यादव को निर्वाचन का प्रमाण पत्र

निगम आयुक्त द्वारा वार्ड-35 के पार्षद पद रिक्त होने की सूचना शासन/निर्वाचन आयोग को मिलने के बाद उन्होने उक्त वार्ड में उपचुनाव की विधिवत अधिसूचना 20 जनवरी 2025 को प्रकाशित की तथा 31 जनवरी 2025 को निर्वाचन के रिर्टनिंग अधिकारी द्वारा यादव को शारदापारा वार्ड-35 का पार्षद निर्वाचित घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी किया। छग राजपत्र क्रमांक -143 -24 फरवरी 2025 में चंदन यादव का नाम पार्षद वार्ड-35 मे निर्वाचित अनुसूची में दर्ज किया गया।

### सलमान पार्षद इसलिए एमआईसी में

"सलमान पार्षद है इसलिए एमआईसी में लिया गया है। पार्षद नहीं रहेंगे तो स्वयं ही एमआईसी बाहर हो जाएंगे।

**नीरज पाल,** महापौर



## बीएसपी इंटर जोन प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेटर प्रतियोगिता

# सर्विसेज जोन (जी) ने 21 रन से जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी इंटर जोन प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेटर टूर्नामेंट का फाइनल मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में खेला गया। सर्विसेज जोन( जी) और मिल जोन (बी ) के मध्य खेले गए इस मैच में सर्विसेज जोन (जी) ने 21 रन से जीत हासिल की।

मैन ऑफ़ द मैच सुदीप रहे। टॉस मिल जोन बी ने जीता। पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। सर्विसेज जोन (जी) ने 7 विकेट पर 129 रन बनाए। सुदीप ने 69, रन मिर्जा बेग ने 17 रन, दीपक खिचरिया ने 14 रन बनाए। मिल जोन बी के गेंदबाजों में निखिल सेंगर ने तीन, वासु ने दो और वीरेंद्र कुमार ने एक विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी मिल जोन बी की टीम 7 विकेट पर 108 रन ही बना सकी। इसमें सुवेंदु ने 24 रन, महेश ने 18 रन, भीमराज मीणा ने नॉट आउट 14 रन, वीरेंद्र कुमार एवं विमल ने 12-12 रन बनाए। मैच के अंपायर राधेश्याम एवं मुकेश त्रिपाठी, स्कोरर विनोद देवघरे एवं आकाश गुप्ता थे।

प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन मिर्जा बेग, बेस्ट बॉलर अर्जुन त्यागी, बेस्ट फील्डर हिमांशु, बेस्ट विकेटकीपर, सुवेंदु, प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट निखिल सेंगर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इडी माइंस बीएसपी विपिन कुमार गिरी, विशेष अतिथि सहीराम जाखड़ डीजीएम, रणधीर राव थे। इस अवसर पर अनिल सिंह, वीरेंद्र कुमार, गौरव विवेक सिंघम, अरुण यादव, विकास नेहरा एवं गोविंद उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महेश साहू ने किया।



# महिला बाल विकास मंत्री से मुलाकात



**भिलाई।** प्रदेश की महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से प्रदेश के भाजपा नेता राम कुमार ने मुलाकात किया। इस दौरान राम ने बताया कि मंत्री को समाजिक कार्यो को लेकर अवगत कराया गया है। जिले के महिला बाल विकास विभाग के कार्य और समाज की महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने की बात उन्हें कही गई है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129


04



समुद्री पहनावे का तूफान

## लाइव इवेंट

### आईआईटी भिलाई में महामारी और उसके रोकथाम पर मंथन



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के लिबरल आर्ट्स विभाग ने भारत में सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व में कास्ट (ई) एपिडेमिक शीर्षक से एक व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान भोपाल की अंग्रेजी विषय के एसोसिएट प्रोफेसर अंतरा चटर्जी द्वारा दिया गया। यह व्याख्यान विभाग की व्याख्यान श्रृंखला इंटरसेक्शन के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। सम्पूर्ण भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों के मानविकी और सामाजिक विज्ञान के प्रख्यात प्रोफेसरों को इस व्याख्यान श्रृंखला के तत्वावधान में सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के विषयों पर व्याख्यान देने के लिए आईआईटी भिलाई में आमंत्रित किए जा रहे हैं। आयोजित व्याख्यान में डॉ. चटर्जी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि महामारी रोग के साहित्यिक और सांस्कृतिक निर्माणों में जाति एक महत्वपूर्ण सबटेक्स्ट के रूप में कैसे उभरती है। उन्नीसवीं से लेकर वर्तमान शताब्दी तक के सांस्कृतिक अभ्यावेदन के माध्यम से प्लेग और हैजा से लेकर मलेरिया और कोविड-19 तक की महामारियों की विशेषता रखते हुए व्याख्यान ने इस बात पर विचार किया कि कैसे जाति ने भारत में संक्रामक रोग के अर्थों और प्रक्षेपवक्र को कॉन्फ़िगर किया है, और बदले में, महामारी के प्रकोप और उनके अभ्यावेदन के भीतर माना और बातचीत की गई है। व्याख्यान में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि ग्रंथ शरीर, स्पर्श, दूरी, मलिनता, संदूषण और (अशुद्धता) के स्नेहन को उजागर करते हैं, जो भारत में महामारी रोग निर्माण के भीतर जाति और संक्रामक रोग प्रवचनों के जटिल और विविध रूप को प्रकट करते हैं।

## सिटी इवेंट

### प्लेसमेंट कैम्प में 16 एजुकेशन संस्थाओं ने बीएड स्टूडेंट्स को ऑफर किए जॉब



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में बीएड छात्राओं के लिए ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का वृहद् आयोजन किया गया। भिलाई महिला महाविद्यालय के आईक्यूएसी के अन्तर्गत आयोजित इस ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भिलाई - दुर्ग-राजनांदगांव क्षेत्र के कुल 16 प्रतिष्ठित एजुकेशनल ग्रुप इंस्टीट्यूट्स एवं कोचिंग संस्थाओं ने शिरकत कर स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर किए।इन शैक्षणिक संस्थाओं की चयन समिति के आए हुए मैनेजमेंट प्रिंसिपल तथा प्रतिनिधियों ने पोस्ट ग्रेजुएट टीचर(पीजीटी) तथा ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) के पदों के लिए इंटरव्यू लिया। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह में ओपन कैंपस हेतु महाविद्यालय आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए भिलाई महिला महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन ने कहा कि बीएड छात्राओं को रोज़गार उपलब्ध करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष दुर्ग -भिलाई -राजनांदगाँव के 16 प्रतिष्ठित स्कूल सम्मिलित हुए हैं । उन्होंने कहा कि अच्छा कैरियर केवल मेहनत से नहीं बल्कि अपनी क्षमता, रुचि तथा सही दिशा में किए गये प्रयासों से बनता है। एक अच्छे शिक्षक बनने की शुरुआत बीएड कोर्स से होती हैं जहां छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है। साथ ही कहा की जितने भी प्रतिष्ठित संस्थान कैंपस प्लेसमेंट में सम्मिलित हुए है उन्हें आशानुरूप उम्मीदवार इस कैंपस के माध्यम से मिल सके। आयोजन की संयोजिका और कॉलेज के शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि दुर्ग -भिलाई -राजनांदगांव के 14 महाविद्यालयों, 02 प्राइवेट यूनिवर्सिटी, 02 विद्यालय तथा भिलाई महिला महाविद्यालय के बीएड कोर्स के वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्राओं को मिलाकर लगभग 155 प्रतिभागियों ने आयोजित ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में इंटरव्यू दिया, जिसमें 16 स्कूलों ने लगभग 138 प्रतिभागियों को शॉर्ट लिस्टेड किया गया। संचालन सहायक प्राध्यापिकाओं डॉ. हेमलता सिदार रजिस्ट्रेशन आशा आर्य, सत्यम मिश्रा एवं रोमा टंडन ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग की डॉ. भावना चौहान, नाजनीन बेग एवं शकीबा का विशेष योगदान रहा।

### सनातन जागरण व गौरक्षा को लेकर 28 मार्च को मशाल यात्रा

**दुर्ग ।** धार्मिक व सामाजिक संगठन अजेय भारत के बैनरतले हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर 28 मार्च को भव्य मशाल यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन जागरण एवं गौरक्षा है। यह मशाल यात्रा पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास के सानिध्य में शाम 6 बजे केलाबाड़ी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा में सनातनी हाथ में मशाल लेकर केलाबाड़ी से कसारीडीह चौक, आजाद चौक, कन्हैयापुरी चौक, मुक्तनगर बोरसी रोड का भ्रमण करते हुए छत्रपति शिवाजी चौक आदर्शनगर (महाराजा चौक) पहुंचेंगे। जहां यह मशाल यात्रा भव्य सभा के रुप में तब्दील होगी।

## सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पीबीएस और पीईएम विभाग ने महिला स्वास्थ्य पर किया कार्यशाला का आयोजन

# खून की कमी तो छोड़ें चाय-कॉफी: दूध-अंडे न लें, नूडल्स-पिज्जा जैसे खानपान से बनाएं दूरी, पालक, फूलगोभी, पत्तागोभी-अनार जूस जरूर लें

सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पीबीएस और पीईएम विभाग द्वारा महिला स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता जाहिर की गई। विशेष रूप से खून की कमी रोकने से जुड़े.कारगर उपाय बताए गए। एक्सपर्ट्स ने बताया कि खून की कमी हो तो चाय-कॉफी का सेवन न करें, दूध-अंडे न लें। नूडल्स-पिज्जा जैसे फास्डफूड से दूरी बना बना लें। जहां तक हो सके पालक, फूलगोभी, पत्तागोभी-अनार का जूस लें। नियमित रूप से व्यायाम करें। एक्सपर्ट्स ने बताया कि एनीमिया यानी खून की कमी की समस्या दूर करने में डाइट की अहम भूमिका है।



**भिलाई।** कार्यशाला में बताया गया कि एनीमिया खून की कमी या तेजी से रेड ब्लड सेल्स के खत्म होने को कहा जाता है। इसकी वजह शरीर में आयरन की कमी है। आयरन से ही हीमोग्लोबिन बनाता है। यह ब्लड को लाल रंग देने वाला प्रोटीन है, जो फेफड़ों की मदद से पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाता है।विटामिन बी 12 और फोलेट जैसे न्यूट्रिएंट्स की कमी से भी एनीमिया होता है। एनीमिया डाइट प्लान इन सभी न्यूट्रिशन की कमी को पूरा करके एनीमिया से बचाव कर सकता है। एनीमिया की समस्या से जूझ रही महिलाओं को पालक खाना चाहिए। यह आयरन से भरपूर होती है। डाइट में विटामिन सी से भरपूर फूल गोभी को भी शामिल किया जा सकता है। विटामिन सी के लिए पत्ता गोभी की सब्जी बनाकर खा सकते हैं। अनार का जूस आयरन और विटामिन सी दोनों न्यूट्रिशन से भरपूर है। एनीमिया से लड़ने वाली डाइट में से एक अंडा भी है। अंडे की जर्दी में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, जो रेड ब्लड सेल को बढ़ा सकती है। रोजाना योगाभ्यास करें, हेल्थ चेकअप करवाते रहें। हरी सब्जी और फल खाएं। सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर पीबीएस एवं पीईएम विभाग द्वारा महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा ठाकुर (गायनेकोलॉजिस्ट, सीनियर कंसल्टेंट ) जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में महिला अधिकारी, महिला कर्मचारीयो एवं महिला ठेका श्रमिकों ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। डॉ. निशा ठाकुर ने महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, जीवनशैली प्रबंधन एवं कार्यस्थल पर स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे छोटे-छोटे बदलाव महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

### कार्यक्रम का समापन और सम्मान समारोह आयोजित

सत्र के दौरान उपस्थित महिलाओं ने महिला स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुलकर चर्चा की और विशेषज्ञ से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। कई महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी शंकाएं भी साझा कीं, जिनका समाधान डॉ. निशा ठाकुर ने विस्तार से किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विभाग प्रमुख अभय कुमार ने डॉ. निशा ठाकुर का विशेष धन्यवाद किया और उनके द्वारा दी गई मूल्यवान जानकारी के लिए आभार व्यक्त किया।

## 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर विवेकानंद सभागार में दिया गया प्रशिक्षण



**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना दुर्ग ग्रामीण द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर दुर्ग ग्रामीण की 221 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विवेकानंद सभागार दुर्ग में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर एवं जिला महिला और बाल विकास अधिकारी अजय साहू ने किया। परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विकसित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन नव चेतना पाठ्यक्रम लागू किया गया। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा के तहत आधारशिला पाठ्यक्रम को अपनाया गया है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन कार्यकर्ताओं को पढ़ाई शिक्षण अधिगम के सिद्धांत शिक्षण अधिगम सहायकों का महत्व शैक्षिक सामग्री बच्चों के लिए दिनचर्या की योजना बनाना इस विषय पर मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, भाषा संज्ञानात्मक, एवं भावनात्मक विकास के बारे में ईसीसीई के दुर्ग जिला के नोडल योगेश चंद्राकर द्वारा कार्यकर्ताओं की समझ बनाई गई। नई शिक्षा नीति 2020 एवं श्रेष्ठ पालकत्व विषय पर समग्र शिक्षा के सहायक कार्यक्रम समन्वयक विवेक शर्मा द्वारा बहुत ही उपयोगी जानकारी प्रभावी तरीके से दी गई।

## अंजय शुक्ला के स्थान पर अशोक जैन बने छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर के अध्यक्ष



**भिलाई।** रायपुर के एक निजी होटल में छग सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की आवश्यक बैठक हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी सहमति से अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार जैन ट्रांसपोर्ट के मालिक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना। अंजय शुक्ला के स्थान पर उन्हें छत्तीसगढ ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष अमित सुरी, सुधीर अग्रवाल संरक्षक, इंद्रजीत सिंग, शशिभूषण शुक्ला, सुखदेव सिंह सिद्ध, अमित तिवारी, सुव्रत डे, मलकीत सिंह, जशवंत बिल्लू, राजू सिंह जाज, वैभव जग्गी, अरुण तुलसियान, रितेश जैन, अनुराग जैन, रवि अग्रवाल, पप्पू सेठिया, पंकज गांधी, बीपी शर्मा, बीपी साहू, सुक्खी बावा, संदीप सिंह, अनीश विश्नोई, सनोध सिंह, पंकज सिंह, पुरुषोत्तम भिते, आनंद आहुजा, इन्द्रजीत सैनी, उज्जवल मालू, चैतन्य अग्रवाल, राहुल जेम्स, लोकेष शर्मा आदि मौजूद थे। बैठक में 60 सदस्यों ने लिखित में अपने हस्ताक्षर कर सहमति जाहिर की। इसमें विभिन्न वरिष्ठ ट्रांसपोर्टरो ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। अशोक जैन ने कहा कि हम सब लोग एकजुट होकर ट्रांसपोर्ट की समस्या को शासन एवं सिमेंट उद्योग को अवगत कराकर उसका निराकरण करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे बड़े सभी ट्रांसपोर्टरो के हितो को ध्यान में रख कर कार्य किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन अपने सभी ट्रांसपोर्टर साथियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह जी से मुलाकात की और आशीर्वाद लिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अशोक जैन जी ने आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी।

## संकटमोचन हनुमान मंदिर कैंप 1 में बह रही भक्ति की धारा, आज रूक्मिणी विवाह

श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर कैंप 1 के प्रांगण में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का पांचवें दिन अयोध्या से आए हुए दामोदरदास महाराज कथा का वाचन कर रहे है। कथा की शुरुआत में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी और उनके सहयोगियों के वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन का कार्यक्रम संपन्न कवाया जा रहा है। भागवत कथा सप्ताह के दौरान आई पी मिश्रा, श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, पार्षद प्रियंका भोला साहू, राजू जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे है। कथा के दौरान कृष्ण जन्म की कथा सुंदर झांकियों सहित बताई गई। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गूंज से कथा स्थल गूंजायमान रहा। इस दौरान दही लूट का भी आयोजन किया गया। बुधवार को कथा में रुखमणी विवाह के प्रसंग की व्याख्या कथावाचक दवरा की जाएगी।



## देवांगन जनकल्याण समिति ने किया परमेश्वर मंदिर स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

# मंदिर में जलाए सैकड़ों दीप, गीत-संगीत के बीच फूलों से होली खेली, फाग और नगाड़ों की रही धूम

**कार्नर न्यूज**

प्रगति नगर रिसाली भिलाई स्थित परमेश्वरी मंदिर का 16 वां स्थापना दिवस एवं होली मिलन समारोह रविवार को भक्ति पूर्ण माहौल में बहुत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। फाग गीत एवं नगाड़ों की थाप पर समाज की महिलाएं एवं पुरूष थिरकते रहे। मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मां परमेश्वरी की महाआरती में शामिल हुए और नगाड़ों के थाप के बीच फूलों की होली खेली। परमेश्वरी मंदिर परिसर को दीवाली की तरह दीयों से सजाया गया था। इस तरह समारोह में दीयों की रोशनी एवं होली के रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह में विशेष रूप से समिति के वरिष्ठ डॉ. सूर्यमंगल देवांगन, पुराणिक देवांगन, अशोक देवांगन, हरीश देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, नोहर देवांगन, छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख, उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, भागवत सोनी, शेखर साहू, कौशल साहू, लोकेश साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।



### माता परमेश्वरी की महाआरती में जुटा देवांगन समाज

देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन की अगुवाई में उपस्थित जन समुदाय द्वारा माता परमेश्वरी की महाआरती की गई। इसके लिए महिलाएं अपने-अपने घरों से आरती की थाल सजाकर लाई थी। आरती के बाद जस गीत प्रभारी जयश्री देवांगन एवं टीम द्वारा जोरदार जस गीतों का गायन किया गया। समाज की महिला माहेश्वरी देवांगन को पुरूषों के साथ शानदार नगाड़ा बजाते देखकर तथा गायत्री, दामिनी, जयश्री, शकुंतला, मधुबाला आदि महिलाओं को झूम झूमकर फाग गीत गाते देखकर सभी ने भरपूर प्रशंसा की। साथ ही समिति के सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन के नेतृत्व में गायकों ने आकर्षक भक्ति गीत गाकर समां बांधा।



### फाग गीतों में जमकर थिरकीं महिलाएं, दिया एकजुटता का संदेश

समारोह में जस गीत, भक्ति संगीत के साथ ही फाग गीत और नगाड़ों की धूम रही। इस अवसर पर देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, सहसचिव जनार्दन देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, श्रवण देवांगन, विभाग प्रभारी गण, हेम कैलाश देवांगन, रामगोपाल देवांगन, राजू देवागन, संतोष देवांगन, सुमन देवांगन, प्रभा देवांगन, जयश्री देवांगन, शकुंतला बांकुरे, माहेश्वरी देवांगन, सुमित्रा देवांगन, गायत्री देवांगन, मधुबाला देवांगन, चंद्रप्रभा देवांगन आदि सहित महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह के अंत में सभी उपस्थित जनों के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। आभार प्रदर्शन सचिव विनोद देवांगन ने किया।

## सिटी इवेंट

# संगठित समाज ही विकास करता है: निर्मल कोसरे



**भिलाई।** छग दशनाम गोस्वामी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गनियारी भिलाई 3 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी अंचलों के स्वजातीय शामिल हुए। चार सत्रों में आयोजित अधिवेशन में समाजसेवियों का सम्मान, विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन भी हुआ। दो दिवसीय वार्षिक महासभा सम्मेलन के पूर्व प्रथम दिन सुबह कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा गांव के विभिन्न गलियों में भ्रमण किया गया। उद्घाटन समाज के वरिष्ठ सदस्यों, पदाधिकारियों के द्वारा भगवान भोलेनाथ, भगवान दत्तात्रेय का पूजा अर्चना आरती कर सामाजिक झंडा का ध्वजारोहण कर किया। प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रुप में भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष गणेश भारती ने की। विशिष्टि अतिथि पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र कोसरे, संरक्षक हीरा गिरी गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्रजीत भारती , प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदिनी गोस्वामी, खेमराज पुरी,संतोष गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र भारती गोस्वामी, अध्यक्ष शाला विकास व प्रबंधन समिति राजकुमार साहू उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह, शाल श्रीफल भेंट कर किया गया। अतिथि निर्मल कोसरे ने कहा कि गोस्वामी समाज खुद पथप्रदर्शक है। अन्य समाज को सही रास्ते पर चलने संस्कारवान बनाने में महती भूमिका निभाई है। संगठित समाज ही विकास करता है। महापौर ने समाज की मांग पर गनियारी में सर्व सुविधा युक्त एक मंगल भवन एक करोड़ रुपए की लागत से बनाने की घोषणा किया।

- **गोस्वामी समाज का दो दिवसीय महासभा सम्मेलन संपन्न**

### समाज के लोग थे मौजूद

इस अवसर पर गजेंद्र गिरी गोस्वामी, टिकेंद्र गिरी,कोमल गिरी, रमेश भारती,नारायण गिरी,महेंद्र भारती,पवन गोस्वामी,जगमोहन पुरी, जयराम पुरी,भारत गिरी,द्वारका गिरी, सोमन भारती, फ्रनीस पुरी, सुरेंद्र भारती, बलराम गिरी,घनश्याम गिरि, गोवर्धन पुरी, मुकेश गिरी,रोहित बन,प्रकाश गिरी, देवेंद्र, ललिता गिरी, ज्योति गोस्वामी, संध्या गोस्वामी, लता गोस्वामी, अहिल्या, विक्टरिया, रत्ना गोस्वामी, इंद्राणी, सरोज गोस्वामी, जयलक्ष्मी, चित्ररेखा, गोमती, सुनीता, चंचल गोस्वामी, नेहा गोस्वामी समेत सामाजिक लोग मौजूद थे।

### वृहद आयोजन से गनियारी धन्य हो गया

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सवाड़ा के प्रतिनिधि के रूप में महामंत्री भाजपा प्रेमलाल साहू उपस्थित थे। अध्यक्षता समाज के प्रांत अध्यक्ष गणेश भारती ने किया। विशिष्टि अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू ,संरक्षक गजानंद गिरी गोस्वामी , अध्यक्ष प्रदेश गोस्वामी समाज रायपुर प्रभाकर बन गोस्वामी, ,दरवेश गिरी गोस्वामी, भगवंत गिरी ,नीलम गिरी गोस्वामी , प्रभाकर बन गोस्वामी, रोशनपुरी गोस्वामी मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रेमलाल साहू ने कहा कि गोस्वामी समाज के इस दो दिवसीय वृहद आयोजन से गनियारी धन्य हो गया है। जब जब पुण्यआत्मा गांव आते हैं उस गांव की तकदीर बदल जाती है। गुरु शंकराचार्य ने दसों दिशाओं में धर्म का प्रकाश फैलाने का काम आप लोगों को दिया। कलयुग में जो समाज संगठित होगा वही समाज विकास करेगा।

## लाइव इवेंट

# 43 सीएमए ने उद्योग में प्रत्यक्ष कर की भूमिका को समझा



**भिलाई।** उद्योग में प्रवेश करने वाले 43 कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (सीएमए) के लिए प्रभावशाली ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं और विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष कराधान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जो औद्योगिक विकास और आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक है। इस दौरान सीएमए शशि रंजन ने उद्योग में प्रत्यक्ष कराधान के महत्व पर प्रभावशाली सत्र के दौरान बताया कि कॉर्पोरेट टैक्स और आयकर जैसे प्रत्यक्ष कर आर्थिक स्थिरता, संसाधन आवंटन और अनुपालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कर नियोजन और नियामकीय अनुपालन वित्तीय निर्णय लेने में महत्वपूर्ण होते हैं, और सीएमए के लिए इनका गहन ज्ञान आवश्यक है।

### कराधान में डेटा एनालिटिक्स- एक नवीन दृष्टिकोण: डॉ. चैताली

डॉ. चैताली चौधरी ने कराधान में डेटा एनालिटिक्स के एकीकरण पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक उद्योग कर अनुपालन को बेहतर बनाने, विसंगतियों का पता लगाने और कर रणनीतियों को अनुकूलित करने के लिए डेटा-संचालित दृष्टिकोण अपनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा के उपयोग ने पारंपरिक कर कार्यों को अधिक कुशल और पारदर्शी बना दिया है। डॉ. चौधरी ने जोर दिया कि सीएमए को विकसित होते कर परिदृश्य को प्रभावी ढंग से समझने के लिए विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम डॉ. अरुण अरोड़ा और पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष सीएमए अरिंदम गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने कराधान के ज्ञान को कॉर्पोरेट वित्त और औद्योगिक संचालन में आवश्यक बताया। सीएमए अरिंदम गोस्वामी ने अपने समापन संबोधन में नए सीएमए को बदलते कर कानूनों और नियामकीय ढांचे से अवगत रहने की सलाह दी, ताकि वे उद्योगों में अधिक मूल्य जोड़ सकें। सीएमए सुषमा सिंह ने पेशेवर विकास को बढ़ावा देने और सीएमए को उद्योग-संबंधी ज्ञान प्रदान करने में सहायक होने की बातें कहीं। कार्यक्रम में 43 सीएमए के लिए एक मजबूत नींव साबित हुआ, जिससे उन्होंने उद्योग में प्रत्यक्ष कराधान की भूमिका को समझा।

● रूंगटा आर-1 कॉलेज ने अपना सामाजिक दायित्व दिखाते हुए चलाया अभियान

# हेलमेट पहनकर बाइक चलाने वालों को सुपेला चौक पर मिक्की और मिनी माउस ने दिए गुलाब के फूल, नियमों की दी जानकारी

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को भिलाई के टेक्नोक्रेट्स ने सुपेला चौक पर वृहद जागरुकता अभियान चलाया। 50 एनएसएस स्वयं सेवक विद्यार्थियों ने ट्रैफिक सिगनल नियम के बारे में लोगों को जानकारी दी। हेलमेट पहनकर वाहन चलाते पाए गए एक हजार राहगिरों को गुलाब का फूल देकर उनको प्रोत्साहित किया। यह जागरुकता अभियान रूंगटा ग्रुप ऑफ कॉलेज ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करते हुए चलाया, जिसको यादगार बनाने के लिए मिक्की और मिनी माउस की कॉस्टूयम पहने आर्टिस्ट पहुंचे और उन्होंने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चला रहे लोगों को गुलाब के फूल गिफ्ट किए। सीट बेल्ट लगाकर कार व अन्य चार पहिया वाहन चला रहे चालकों को भी गुलाब के फूल दिए गए। एनएसएस स्वयं सेवकों ने ट्रैफिक के नियमों को समझाने के लिए बैनर और पोस्टर्स का सहारा लिया। बैनर्स पर खास तरह के मीम्स और जोक्स के जरिए यातायात नियमों का पालन करने अवेयर किया।






### सिपाहियों के साथ संभाला ट्रैफिक

रूंगटा कॉलेज के छात्र सुपेला चौक के चारों और हाथों में यातायात जागरुकता की तख्तियां पकड़े खड़े रहे। स्वयं सेवकों ने यहां कुछ देर तक ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर यातायात भी संभाला। ट्रैफिक सिगनल तोड़कर आगे बढ़ रह वाहन चालकों को उनकी जिम्मेदारी बताई गई। कार्यक्रम के लिए दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा और डीएसपी ट्रैफिक सदानंद बिंदराज का मार्गदर्शन और सहयोग रहा। यातायात जागरुकता के दौरान लोगों को वाहन धीमा चलाने और अनमोल जीवन बचाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की फैकल्टी और स्वयं सेवकों ने माइक से लोगों को यातायात नियम का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर टेक्निकल डॉ. सौरभ रूंगटा, महेंद्र श्रीवास्तव, डीन डॉ. सत्यधर्म भारती, डॉ. आल्बर्ट जॉन वर्गीस, डॉ. रेजो राय का विशेष योगदान रहा। यह सभी जागरुकता कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवकों के साथ मौजूद रहे और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया।

### लगातार चलेगा जागरुकता अभियान

यातायात जागरुकता अभियान को लेकर ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने बताया कि, यह कार्यक्रम सालभर जारी रहेगा। भिलाई-दुर्ग के मुख्य चौक चौराहों पर कॉलेज के विद्यार्थी लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने जागरुक करेंगे। इस अभियान की अगली कड़ी भिलाई के नेहरू नगर चौक पर जुड़ेगा। इसके बाद पॉवर हाऊस चौक और फिर दुर्ग शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर वाहन चालकों को जागरुक किया जाएगा।

### गुलाब पाकर खुश दिखे हेलमेट पहने चालक

जागरुकता अभियान के दौरान जैसे ही ट्रैफिक सिगनल लाल हुआ, स्वयं सेवकों ने दो पहिया चला रहे ऐसे चालकों को खोजा जिन्होंने हेलमेट पहना हुआ था। इनके पास मिक्की-माउस की कॉस्ट्यूम पहने आर्टिस्ट पहुंचे और उनको हेलमेट पहनने की समझदारी के लिए गुलाब का फूल गिफ्ट किया। मिक्की-माउस ने इनके साथ फोटों भी खिंचवाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस के सिपाही मौजूद रहे।

## अच्छी पहल...

# गर्मी में पक्षियों की देखभाल करने करें जतन, ताकि पर्यावरण रहे संतुलित

**भिलाई।** बढ़ती गर्मी का असर मानव जीवन के साथ ही पशु और पक्षियों पर भी समान रुप से पड़ता है। गर्मी से बचने हम जितने जतन करते है ठीक वैसे ही पशु-पक्षियों के लिए करना मानव कर्तव्य है। बढ़ती गर्मी में पक्षियों का ध्यान रखने की बातें बेटी बचाओ मंच अध्यक्ष व ऑल इंडिया लीनेस ऑर्गेनाइजेशन की वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल ने बताई। उन्होंने कहा कि गर्मी में पक्षियों को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है। इसलिए अपने घर की छत, बालकनी, बगीचे या किसी पेड़ के नीचे एक कटोरे में साफ पानी रख सकते हैं। अगर आपके घर के आस-पास खुले क्षेत्र हैं, तो वहां छोटे छायादार स्थान बनाएं। ताकि पक्षियों को प्राकृतिक छाया मिल सके। पक्षियों के लिए दाना, बाजरा, चावल, फल (जैसे तरबूज, खीरा, पपीता) और अन्य हल्का भोजन खुले स्थानों पर रखें।



- **गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा पक्षियों को होती है परेशानी, के घर सामने रखे दाना**



### पक्षियों के घोंसलों को सुरक्षित रखें

गर्मियों में कई पक्षी अपने अंडे देने के लिए सुरक्षित जगह ढूंढते हैं। घर के आसपास घोंसले हैं, तो उन्हें छेड़ें नहीं। कुछ पक्षी जैसे गौरेया और कबूतर, गर्मी से राहत पाने के लिए मिट्टी या बालू में लोटना पसंद करते हैं। आप किसी कोने में गीली मिट्टी या बालू रख सकते हैं, जिससे वे खुद को ठंडा रख सकें। गर्मी के मौसम में स्वतंत्र पक्षियों की मदद करना हमारे पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। पानी, भोजन और छायादार स्थान की व्यवस्था करके हम इन पक्षियों को राहत दे सकते हैं। छोटी-छोटी कोशिशें पक्षियों को जीवित रहने में मदद कर सकती हैं, और इससे हमारा पर्यावरण भी अधिक संतुलित रहेगा।

## समग्र ब्राह्मण परिषद का आयोजन

# घर-मंदिर बंदनवार सजायेंगे, हिन्दू नववर्ष नूतन संवत्सर मनायेंगे



**दुर्ग।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की दुर्ग मातृशक्ति परिषद् ईकाई की प्रथम बैठक बोरसी में अनुसुईया झा के निवास में संपन्न हुई। इस दौरान संगठन के प्रदेश संयोजक पं.रामानुज तिवारी ने बैठक में उपस्थित सहयोगियों को आगामी 30 मार्च नूतन संवत्सर आरंभ पर संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित संपूर्ण राष्ट्र के लिये आव्हान किये गये नूतन वर्षाभिनंदन अभियान \₹घर-मंदिर बंदनवार सजायेंगे, हिन्दू नववर्ष नूतन संवत्सर मनायेंगे\₹ को सफल बनाते हुये अपनी शास्त्रोचित परंपरा को कायम रखने को कहा।

युवा परिषद् के सचिव एवं संगठन के दुर्ग संभाग प्रभारी पं.श्रीकांत तिवारी एवं मातृशक्ति परिषद् की प्रदेश संगठन विस्तार प्रमुख अनुसुईया झा ने बैठक के विषय में जानकारी देते हुये बताया है कि ब्राह्मण समाज एवं सनातन धर्म संरक्षण से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिये छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में संगठन विस्तार अभियान जारी है, इसी के अंतर्गत संगठन में मातृशक्ति परिषद् ईकाई का गठन किया गया है।

**समाज तथा सनातन धर्म हित में विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्ताव पारित**

बैठक में उपस्थित संगठन सहयोगी सेवानिवृत्त प्राचार्य उषा रानी, अशोक कुमार शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज एवं सनातन धर्म सहित मानव सेवा के कार्यों में स्वयं की सहभागिता जीवन को सार्थक बनाती है। सेवा कार्यों या धर्म संरक्षण के कार्यों में बाधा उत्पन्न करना ही अमानवीय गुण कहलाता है। इस अवसर पर कालिंदी उपाध्याय, अनिता टी.के.कुमार, प्रीति तिवारी, डा.भावेश शुक्ला सहित दुर्ग जिला के सक्रिय संगठन सहयोगी उपस्थित थे।

## क्लब भिलाई पिनाकल की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अधिकारी यात्रा में सुधीर जैन

# जरुरतमंदों को दी व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक और सिलाई मशीन, ई-रिक्शा महिला चालक सम्मानित

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ सुधीर जैन की अधिकारिक यात्रा के दौरान क्लब द्वारा कई सेवा कार्य किए गये। क्लब की अध्यक्ष उर्मिला टावरी ने बताया कि गवर्नर सुधीर जैन का लायन क्लब एवं लियो क्लब ने नेहरू नगर गुरुद्वारा में स्वागत किया गया। इस दौरान जरुरतमंदों को मेडिसिन बैंक, डायबिटीज स्क्रीनिंग सेंटर का अवलोकन कर मिशन जिंदगी के तहत व्हीलचेयर और वॉकिंग स्टिक प्रदान किया गया। साथी प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोजगार के लिए जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई। रामशिला वृद्धाश्रम में एयर कूलर प्रदान किया।




### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में क्लब की वरिष्ठ कैबिनेट सदस्य मीरा शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नम्रता चाने, सरिता राठौर, नीलिमा दीक्षित, डॉ. वैशाली भगत, मीना सिंह, डॉ अर्चना झा, सदस्य उषा चक्रवर्ती, ममता टमोटिया, हेमा दानी, ज्योति अग्रवाल, शालिनी सोनी, निधि कुमार, रीना बनर्जी, डॉ वनिता राठौड़, सिंहा शेखर, सुषमा दुबे सहित क्लाब की सभी सदस्याएं उपस्थित थीं।

### आटा बैंक, लायंस विजन सेंटर व लायंस प्रौढ़ शिक्षा केंद्र का भी गवर्नर ने किया विजिट




क्लब द्वारा दो नए प्रोजेक्ट और नेहरू नगर केपीएस स्कूल के पास लायंस चौक का निर्माण क्लब द्वारा किया गया जिसका उद्घाटन सुधीर जैन एवं रश्मि जैन ने किया। वहीं स्टाफ गार्डन में ई-रिक्शा चलाने वाली 10 महिलाओं को गवर्नर द्वारा सम्मानित किया गया।इस दौरान पिनाकल की विभा भूटानी ने बताया कि क्लब के परमानेंट प्रोजेक्ट आटा बैंक, लायंस विजन सेंटर, लायंस प्रौढ़ शिक्षा केंद्र का भी गवर्नर ने विजिट किया। प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की शिक्षित महिलाओं का रिजल्ट घोषित कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार भी वितरित कर शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। सेवा कार्य का समापन सामान्य सभा कर किया गया। प्रिया रस्तोगी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन संध्या अग्रवाल और आभार व्यक्त वाइस प्रेसिडेंट अंजना विनायक ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजनांदगांव में बनेगा जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



**रायपुर।** संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने राजनांदगांव स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय खिलाड़ी एवं सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ियों ने संचालक को वॉलीबॉल खेल अकादमी की आवश्यकता के बारे में अवगत करवाया। खेल संचालक ने बताया कि राज्य शासन ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की नवीन योजना छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है। इसके तहत जिला मुख्यालय में एक जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा, जिसमें वॉलीबॉल की सुविधाएं खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्रातिशीघ्र एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

स्थानीय सीनियर खिलाड़ियों पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मिलकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने और वॉलीबॉल अकादमी प्रारंभ करने की मांग रखी थी। संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि निकट भविष्य में राजनांदगांव में जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं के साथ वॉलीबॉल की आवासीय अकादमी भी प्रारंभ की जाएगी।

### जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों और कोच का हुआ सम्मान



**भिलाई।** वर्ल्ड'स बेस्ट जिमनास्टिक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह 23 मार्च को बी.एम.जी जिमनास्टिक हॉल, सेक्टर - 6,भिलाई नगर, जिला- दुर्ग में हुआ। मुख्य अतिथि नीरज बाजपेयी अध्यक्ष और डायरेक्टर ऑफ़ एन.बी.आई .एस ग्रुप ऑफ स्कूलस एंड कॉलेजेस,राजनांदगांव ने पारितोषक के रूप में प्रत्येक खिलाड़ियों व कोच को 1100 भेंट कर खेल के प्रति उत्साहित करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की और खिलाड़ियों एवं उनके पालकों को ढेर सारी बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एम. एस रघुकुमार (अध्यक्ष बी.एम.जी समाज, सेक्टर 6, भिलाई) ने स्वागत भाषण देते हुए बधाईयाँ और शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि बिश्वजीत मलिक (जिमनास्टिक खेल के संस्थापक,भिलाई-दुर्ग) ने भी खिलाड़ियो,पालकगणों व कोचेस के प्रति हर्ष जताते हुए आशीर्वाद दिये।

लगातार,18 वर्षो से राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में चैंपियन रहे व राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य के वर्ल्ड'स बेस्ट जिम्नास्टिक्स में प्रशिक्षण ले रहे कई खिलाड़ियों में से जिम्नास्ट अदारी नवीन साई कृष्णा ने 38वीं राष्ट्रीय खेल,उत्तराखंड 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर जिम्नास्टिक्स खेल के स्टील रिंग इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया,68वे राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता,वेस्ट बंगाल (कोलकाता) में छत्तीसगढ़ सीनियर आयु वर्ग में एन.युवराज रेड्डी ने फ्लोर एक्सरसाइज और टेबल वॉल्ट इवेंट के बेस्ट ऑफ़ 8 में अपनी जगह हासिल करते हुए फाइनल्स में सातवें एवं आठवें स्थान पर उपलब्धि हासिल की। सीबीएसई नेशनल गेम 2023-24अहमदनगर महाराष्ट्र में होरिजेंटल बार इवेंट पर कांस्य पदक,साथ ही डी.ए.वी नेशनल गेम्स 2023-24 दिल्ली में भी कई पदक मंदीप सिंह कंजवानी ने प्राप्त किए एवं वर्ल्ड'स बेस्ट जिम्नास्टिक्स कोच चंद्रदीप भारती ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया,पटियाला द्वारा आयोजित 6 सप्ताह के जिम्नास्टिक्स कोचिंग कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सभी खिलाड़ियों व कोच ने छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरान्वित व रोशन किया। इस ऐतिहासिक जीत पर वर्ल्ड'स बेस्ट जिम्नास्टिक्स द्वारा ए. नवीन साई कृष्णा को स्मृति चिन्ह, ग्यारह हजार एक सौ एक रुपए (11,101) की नगद राशि और एन. युवराज रेड्डी, मनदीप सिंह, कंजवानी एवं कोच चंद्रदीप भारती को भी स्मृति चिन्ह और दो हजार एक सौ रुपए नगद राशि (21,00) भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सम्मानित खिलाड़ियों और कोच के अभिभावकों को भी श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेटकर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया।

उपस्थित अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों और गेस्ट ऑफ़ ऑनर जी.पी. तिवारी (पूर्व महासचिव,छत्तीसगढ़प्रदेश जिमनास्टिक्स संघ), रज्जी एलेक्स (सचिव, बी.एम.जी), सुनील मेश्राम (पी.डब्ल्यू.डी.,छत्तीसगढ़), डिंचल देशलहरे (सब-इंस्पेक्टर, छत्तीसगढ़ पुलिस एवं सीनियर जिम्नास्ट), टी.एस.पारकर, सोमनाथ निषाद, बाबूलाल कोमरे, संजय वस्त्रकार, सुरेश सोनी, वी. पवन कुमार, डी. गोपी, शुभम बारले और पूनम चंद्राकर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

#### कोलेस्ट्रॉल की संतुलित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी

# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से ही नुकसान नहीं, कम होना भी आपके दिल के लिए जोखिम, साइड इफेक्ट का भी खतरा

ब्लड में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं से हम सभी परिचित हैं, ये हृदय रोगों और हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता है। आहार और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है, जिसके कारण होने वाले जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते रहे हैं। पर क्या आप जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल असल में शरीर के सामान्य कार्यों को लिए जरूरी होता है। इतना ही नहीं अगर ब्लड में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा कम हो जाती है तो इसके कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल के स्तर से कोरोनरी आर्टरी डिजीज का जोखिम रहता है। पर यहां जानना जरूरी है कि कोलेस्ट्रॉल की उचित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी भी है। कोलेस्ट्रॉल एक मोमी, वसा जैसा पदार्थ होता है। ये सेल मेंब्रेन और कई प्रकार के हार्मोन्स के निर्माण में महत्वपूर्ण माना जाता है। आइए जानते हैं कि इसकी अधिकता और कमी का शरीर पर क्या असर होता है?



### कोलेस्ट्रॉल भी शरीर के लिए जरूरी

कोलेस्ट्रॉल की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों को जानने से पहले ये समझना जरूरी है कि ये दो प्रकार का होता है- गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। हृदय रोगों के लिए जिस कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने को हानिकारक माना जाता है वह है बैड कोलेस्ट्रॉल। ये रक्त वाहिकाओं में जमा होकर खून के संचार को बाधित कर देता है जिससे हृदय और शरीर के अन्य अंगों में पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं पहुंच पाता है। इसकी अधिकता के कारण हार्ट अटैक तक होने का जोखिम हो सकता है।पर गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर ठीक बना रहना सेहत के लिए आवश्यक है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल क्या है?

गुड कोलेस्ट्रॉल को एचडीएल (हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। ये रक्त में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल को अवशोषित करता है और इसे वापस लिवर में ले जाता है फिर लिवर इसे शरीर से बाहर निकाल देता है। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर ठीक रहने से हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। आहार को ठीक रखकर शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी से होने वाली समस्याएं


कोलेस्ट्रॉल की अधिकता की अक्सर चर्चा होती है पर क्या आप जानते हैं कि अगर ब्लड में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा सामान्य से कम हो जाए तो इसके कई प्रकार के नुकसान भी हो सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ अभी भी लो गुड कोलेस्ट्रॉल और इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बीच संबंध के बारे में अधिक जानने की कोशिश कर रहे हैं। बहुत लो एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को कैसे परिभाषित किया जाए, इस पर भी कोई सहमति नहीं है, लेकिन एचडीएल को बहुत कम तब माना जा सकता है यदि यह 40 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर से कम है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के जोखिम



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के मामले काफी दुर्लभ हैं, पर कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का बहुत कम स्तर कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के कारण कैंसर, रक्तस्त्रावी स्ट्रोक, अवसाद-चिंता विकार हो सकता है। इसके अलावा यदि गर्भावस्था के दौरान आपका गुड कोलेस्ट्रॉल कम हो जाता है तो समय से पहले जन्म और जन्म के समय बच्चे का वजन कम होने का खतरा हो सकता है। हालांकि इस तरह के मामले कम देखे जाते रहे हैं।



## गर्दन पर पड़ी रेखाएं बताती हैं आपकी सेहत का हाल, इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं को सिर्फ स्किन की परेशानी समझ कर नजरअंदाज करने की भूल न करें। असल में ये रेखाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती हैं, इसलिए आपको इसकी असल समस्या को जानना और समझना होगा।

त्वचा न सिर्फ शरीर का बाहरी आवरण है, बल्कि यह पूरे शरीर का प्रतिबिंब है। शरीर की अंदरुनी समस्याओं के लक्षण अक्सर त्वचा पर दिख जाते हैं, जैसे कि गर्दन पर पड़ने वाली रेखाएं भी काफी हद तक आपकी सेहत का हाल बयां करती हैं। ऐसी स्थिति में गर्दन पर पड़ी रेखाओं से निजात दिलाने में सिर्फ स्किन केयर कारगर साबित नहीं हो सकता है, बल्कि इसके लिए आपको इसकी असल समस्या को जानना और समझना होगा।

आपको बताने जा रहे हैं कि कि गर्दन पर पड़ने वाली रेखाएं किस तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकती हैं। डॉ. विप्लव कांबले इस बारे में दे रहे हैं खास जानकारी।

डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि किसी व्यक्ति के त्वचा के प्रकार और उसमें होने वाले बदलाव से काफी हद तक आंतरिक स्वास्थ्य स्थिति का पता चलता है। बात अगर आप गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं की करें तो धूप, बाहरी प्रदूषण के अलावा शारीरिक स्थिति भी इसके लिए काफी




हद तक जिम्मेदार हो सकती है। ऐसे में स्किन केयर के बावजूद आपके गर्दन पर रेखाएं बनती दिख रही हैं तो आपको इसके लिए गंभीर होने की जरूरत है।

डॉ. विप्लव कांबले के अनुसार, कुछ शारीरिक समस्याओं और परिस्थितियों में गर्दन पर रेखाएं उभरने लगती हैं। इसलिए गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं को सिर्फ स्किन की परेशानी समझ कर नजरअंदाज करने की भूल न करें। असल में, ये रेखाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती हैं। चलिए अब उन समस्याओं के बारे में भी जान लेते हैं जिनके चलते ऐसी रेखाएं गर्दन पर दिखने लगती हैं।

### डायबिटीज

अगर आपकी गर्दन पर काली रेखाएं या परत सी जम रही है तो यह डायबिटीज का संकेत हो सकता है। बता दें कि शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से इस तरह की स्किन समस्या उत्पन्न होती है, जिसे मेडिकल टर्म में एकैन्थोसिस नाइग्रिकन्स कहते हैं। इस स्थिति में शरीर में इंसुलिन की अधिकता के चलते गर्दन और दूसरी जगहों पर रेखाएं और काले धब्बे दिखने शुरू हो जाते हैं। इसलिए अगर आपकी गर्दन पर असामान्य रूप से रेखाएं दिखती हैं तो अपना शुगर जरूर चेक करें।

### थायराइड



थायराइड की समस्या में भी गर्दन पर रेखाएं बननी शुरू हो जाती हैं। डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि थायराइड में हार्मोनल असंतुलन के कारण स्किन संबंधी समस्याएं अक्सर हो जाती हैं, जिनमें गर्दन पर रेखाओं का दिखना भी शामिल है। इस तरह से देखा जाए तो थायराइड के कारण गर्दन पर रेखाएं और काली परत का दिखना एक आम लक्षण है, जिसकी समय रहते पहचान जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि थायराइड के कारण अक्सर शारीरिक थकान और कमजोरी की समस्या इस हद तक बढ़ जाती है कि लोगों के लिए सामान्य जीवन जी पाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए स्थिति गंभीर होने से पहले ही इस संकेत को समझना जरूरी है।

## सीनियर एलिट ग्रुप में 10 टीमें दिखा रहीं प्रदेश के विभिन्न मैदानों में जलवा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 22 से 25 मार्च श्रृंखला में आखिरी दिन मंगलवार को 4 मैच खेले गये।

**भिलाई के विरुद्ध रायपुर ब्लू को बढ़त**

ग्रुप ए का पांचवा चार दिवसीय मैच रायपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 119 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 403 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह ने सर्वाधिक 133 रन तथा आलोक साहू ने 102 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से नमन धुव तथा शुभम सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 81.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 213 रन ही बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने 73 रन तथा गर्व कुमार सिंह ने 35 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा गौरव चतुर्वेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी में बढत प्राप्त की।

**बिलासपुर ब्लू को जांजगीर चांपा के विरुद्ध बढ़त:** ग्रुप ए का छठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं जांजगीर चांपा के मध्य सेक्टर 10 मैदान, भिलाई में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।
जांजगीर चांपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 92.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 295 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र सिदार ने सर्वाधिक 110 रन तथा संजीव सिंह ने 49 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लु की ओर से श्रेयम सुदंरम ने 4 विकेट तथा शहनवाज ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 125 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 404 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से सन्नी पांडे ने 112 रन तथा रोहित नेतानी ने 82 रनों का योगदान दिया। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान ने 4 विकेट प्राप्त किये। मैच की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी दूसरी पारी में 81.1 ओवरों में 4 विकेट खोकर 282 रन बनाये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से आयुश शर्मा ने नाबाद 101 रन तथा शाहबान खान ने 54 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।



आयुष शर्मा 101 रन

**प्लेट कंबाइंड बनाम रायपुर का मैच ड्रॉ:** ग्रुप बी का पांचवा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से हर्ष यादव ने सर्वाधिक 57 रन तथा वैदिक मधुकर ने 37 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से उत्कर्ष तिवारी तथा शुभम पटेल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये।

## रमजान के महीने में इफ्तार के लिए तैयार करके रखें ये स्नैक्स



इफ्तार और सहरी के लिए लोग अपने-अपने घरों में तमाम तरह के पकवान बनाते हैं। ऐसे में महिलाओं के सामने अक्सर ये दिक्कत आती है कि वो हर रोज क्या अलग बनाएं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे स्नैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप बनाकर स्टोर करके रख सकती हैं। सहरी के साथ आप इफ्तार में भी इसका सेवन कर सकते हैं।

**पोहे की नमकीन:** पोहे की नमकीन बनाना काफी आसान है। अगर आपको नमकीन खाने का शौक है, तो आप सहरी और इफ्तार के लिए पोहा नमकीन बनाकर तैयार करा सकती हैं। ये खाने में काफी हल्की होती है, इसलिए आप इसका सेवन रोजा खोलने के बाद कर सकते हैं।

**मखाने की नमकीन:** आप मखाने को अच्छी तरह से भून कर इसे डिब्बे में बंद करके रख सकती हैं। मखाने भूनने के बाद इसकी नमकीन तैयार करें। इस नमकीन का सेवन अगर आप सहरी में करेंगे तो ये आपको दिनभर एनर्जी प्रदान करेगी।

**आलू के चिप्स:** कहा जाता है कि रोजा खोलने के बाद हमेशा हल्का ही खाना चाहिए। ऐसे में सहरी और इफ्तार में आलू के चिप्स बनाकर आप रख सकती हैं। इसे पहले से तैयार करके अगर आप रख लेंगी, तो आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

**फ्राइज:** आप पहले से कुछ दिनों के लिए घर पर ही बाजार के जैसे फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज बनाकर स्टोर कर सकती हैं। जब भी इसे खाना चाहें तो बस फ्राइज लेकर उसे तल लें, या बेक कर लें।

कार्नर न्यूज

#### शोधकर्ताओं ने खोले इंटैलीजेंस से जुड़े कई नए राज

# आपका बच्चा करता है खुद से बातें तो हो जाएं सचेत, इसका इंटैलीजेंस से होता है सीधा संबंध

हममें से अधिकतर लोग मुश्किल हालात में खुद से बात करते हैं। बच्चे भी खुद से बातें करते हैं। अकेले में खुद से ही कुछ कहकर खुद ही उत्तर देना क्या उनके लिए सामान्य है? दिल्ली की रहने वाली रीना की बेटी सौम्या दूसरों बच्चों से उतनी बात नहीं करती, जितना कि खुद से करती है। रीना कई बार सौम्या को समझा चुकी है, लेकिन वह खुद से ही बातें करती रहती है। रीना इससे परेशान हो चुकी है, इसलिए उसने यह समस्या अपनी दोस्त हेमलता से साझा की। हेमलता ने रीना को बताया कि शोधकर्ताओं के अनुसार, इंटेलिजेंस और बच्चों का खुद से बात करना, दोनों का आपस में गहरा संबंध है।

खुद से बात करने की आदत उनके भाषायी विकास में भी बहुत योगदान करती है और उनके व्यवहार को विकसित करने में भी मदद करती है। हेमलता की बात से रीना तो संतुष्ट हो गई, लेकिन सवाल यह है कि क्या हेमलता सही कह रही है?

### आत्मसंवाद कौशल

जब बच्चे खुद से बातें करते हैं तो इसके कई लाभ होते हैं। यह उनके आत्मसंवाद कौशल को विकसित करता है, जो कि उनमें स्वतंत्रता और स्वाधीनता की भावना को विकसित करता है। साथ ही इससे



उनकी सोचने की क्षमता बढ़ती है और वे अपनी परेशानियों और परिस्थितियों को खुद हल करना सीखते हैं, जो भविष्य में मददगार साबित हो सकता है।

### अभिव्यक्ति की क्षमता

जो बच्चे खुद से बात करते हैं, वे अपने विचारों को स्पष्ट ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। अपने विचारों को मन में बोलकर बच्चे उसे सरल शब्दों में कहना भी सीखते हैं। इसके अलावा वे स्वतंत्र रूप से अपने विचारों को रखना भी सीखते हैं, वह भी बिना डरे। इतना ही नहीं, बच्चों का खुद से बात करना उन्हें एक मिलनसार व्यक्ति के रूप में विकसित होने में भी मदद करता है, जिसका मतलब है कि वे भविष्य में किसी भी अन्य व्यक्ति से आसानी से बात कर सकते हैं।

### व्यक्तित्व विकास जरूरी

खुद से बात करने वाला बच्चा अपनी सोच को स्थिर करने की क्षमता रखता है, जिससे उसके व्यक्तित्व का विकास होता है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि आपका बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ है, साथ ही वह बुद्धिमान भी है। खुद से बात करना उन्हें सकारात्मक और नकारात्मक विचारों को समझने में भी मदद करता है। सिर्फ यही नहीं, बच्चों का खुद से बात करना उनके दिमाग को लॉजिकल यानी तार्किक तरीके से काम करने में भी मदद करता है।



### खुद पर नियंत्रण

खुद से ही बातें करना बच्चों को अपने आप पर नियंत्रण करना भी सिखाता है। इससे उन्हें किसी भी विषय के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद मिलती है और उनकी सोच में एक नई दिशा का निर्धारण होता है। जब वे अपने विचारों और भावनाओं को स्वयं से साझा करते हैं तो पहले खुद उस बात का मतलब समझने का प्रयास करते हैं और उसके बाद ही अन्य व्यक्ति से कहते हैं। यह उन्हें अपने लक्ष्यों को सही दिशा में रखने और प्रभावी रूप से उन लक्ष्यों पर काम करने में मदद करता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बीबर की बात सुनकर चौंक जाएंगे, बोले- 'मैं दूसरों को खुश करने के खुद से नफरत



जस्टिन बीबर ने अपने प्रशंसकों को अपने नए एल्बम की एक खास झलक दिखाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कई संगीतकारों के साथ कीबोर्ड बजाते हुए नजर आए। साथ ही एक खास नोट भी लिखा। पॉप आइकन जस्टिन बीबर ने सोशल मीडिया पर एक बिहाइंड द सीन क्लिप शेयर किया, जिसमें वह संगीतकारों के साथ अपने नए एल्बम पर काम करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस वीडियो के साथ एक खास नोट भी लिखा, जो उनके खुद के बारे में है।

इस वीडियो में उनके साथ जेन्सन मैकरे, जुडाह स्मिथ, जोश मेहल, डीजे टे जेम्स और कैंपर जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। जस्टिन ने इंस्टाग्राम की पोस्ट के जरिए अपनी परेशानियों के बारे में बताया, जैसे गुस्से की समस्या और उससे निपटने की कोशिश। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, "उन्हें हमेशा दूसरों को खुश करने का दबाव महसूस होता है, जिससे वह अब थक गए हैं। क्योंकि इस दबाव में वह कभी-कभी खुद को खो देते हैं और ऐसा लगता है कि वह दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें खुद से नफरत होती है जब वह दूसरों को खुश करने के लिए खुद को बदलते हैं। एक खबर के मुताबिक, उनका नया एल्बम उनकी जिंदगी के निजी अनुभवों, पुरानी मुश्किलों, रिश्तों और पिता बनने की कहानी को दिखाएगा। हाल ही में जस्टिन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर बताया कि बचपन में उन्हें नफरत ना करने की सलाह दी जाती थी, लेकिन इससे उनकी भावनाएं दब गईं।

### टॉलीवुड

## नितिन की 'रॉबिनहुड' को प्रमोट करने हैदराबाद पहुंचे वार्नर, वेंकी कुदुमुला ने किया स्वागत



वेंकी कुदुमुला के निर्देशन में बनी और नितिन के साथ श्रीलीला की फिल्म 'रॉबिनहुड' में डेविड वार्नर भी खास रोल में नजर आएंगे। यही वजह है कि डेविड फिल्म की रिलीज से पहले फिल्म का प्रचार करने के लिए हैदराबाद पहुंच चुके हैं। 'रॉबिनहुड', 28 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। 'रॉबिनहुड' का प्रचार जोर-शोर से चल रहा है और यह दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। वहीं इसी बीच 'रॉबिनहुड' में खास रोल निभा रहे डेविड वार्नर भी फिल्म को प्रमोट करने के लिए हैदाराबाद पहुंच चुके हैं।

इस फिल्म के साथ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर भी टॉलीवुड में पहली बार कदम रख रहे हैं। उनकी भूमिका के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन प्रचार के लिए वह हैदराबाद पहुंच चुके हैं। डेविड वार्नर तेलुगु सिनेमा, खासकर अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा के बड़े प्रशंसक हैं। उनकी मौजूदगी ने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया है।

खबर के मुताबिक, हैदराबाद के आरजीआईए हवाई अड्डे पर निर्देशक वेंकी कुदुमुला और प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। आज शाम 5 बजे से हैदराबाद के एचआईसीसी नोवोटेल में फिल्म का भव्य प्री-रिलीज इवेंट और ट्रेलर लॉन्च होने जा रहा है, जिसमें फिल्म की पूरी टीम शामिल होगी।

माना जा रहा है कि ट्रेलर फिल्म की कहानी और रोमांच को नई ऊंचाई देगा, जिससे दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में जीवी प्रकाश कुमार का संगीत है, जो पहले से ही लोगों का ध्यान खींच रहा है। रॉबिनहुड एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म होने का दावा कर रही है। नितिन के प्रशंसक फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। वहीं, राजेंद्र प्रसाद और देवदत्त नागे जैसे कलाकार अहम किरदारों में दिखेंगे।

### भोजपुरी

## प्रिया ने चलाया खेसारी पर जादू, नए गाने 'टुकलिया जान मारता' में दिखी गजब केमिस्ट्री



भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के अभिनय और गानों के फैंस दीवाने हैं। खेसारी भी दर्शकों को निराश नहीं करते और हर गाने में अपने शानदार अंदाज से मनोरंजन करते दिखाई देते हैं। अब वे नया गाना 'टिकुलिया जान मारता' आया है। यह गाना शुक्रवार 21 मार्च को रिलीज हुआ है और ट्रेंड कर रहा है।

इस गाने में खेसारी लाल यादव और प्रिया रघुवंशी नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने को खेसारी ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। गाने के लिरिक्स अखिलेश कश्यप ने लिखे हैं। म्यूजिक डायरेक्ट आर्य शर्मा ने किया है। इस गाने को अब तक करीब दो लाख व्यूज मिल चुके हैं। प्रिया रघुवंशी गाने में खेसारी की पत्नी के रोल में नजर आ रही हैं। खेसारी लाल यादव किताब लेकर पढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं प्रिया उन्हें रिझाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं, खेसारी पर कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा, वे पूरी तरह से एकाग्र होकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की काफी अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर लिख रहे हैं, 'गर्दा उड़ा दिया'। कुछ यूजर लिख रहे हैं, 'जोड़ी कमाल है'।




समुद्री पहनावे का तूफान

फैशन के ट्रेंड कभी खत्म नहीं होते लेकिन अक्सर कुछ ट्रेंड्स अचानक सामने आते हैं और सुर्खियाँ बटोर लेते हैं । तो तैयार हो जाइए, फैशनिस्टा के लिए। यह उन लुक्स में गहराई से उतरने का समय है जो इस साल रनवे और सड़कों पर छाने वाले हैं। समुद्री ठाठ 2025 में तूफान मचाने के लिए तैयार है, जिसमें क्लासिक नॉटिकल वाइब्स को एक बोल्ड, आधुनिक एज के साथ मिलाया गया है। जिससे यह समुद्र तट पर घूमने से लेकर स्टाइलिश शहरी सैर-सपाटे तक हर चीज के लिए आदर्श विकल्प बन जाता है।

## शादी की तैयारी के लिए ब्राइडल मेहंदी को दें पर्सनलाइज टच



शादी की अहम रस्मों में मेहंदी लगाने का रिवाज निभाया जाता है। ब्राइडल मेहंदी अपने आप में खास होती है। यही कारण है कि लड़कियां मेहंदी के डिजाइन पर खास ध्यान देती हैं। आखिर ब्राइडल मेहंदी का स्पेशल होना तो बनता है।

क्या आप अपनी ब्राइडल मेहंदी को पर्सनलाइज टच देना चाहती हैं? ताकि आपकी मेहंदी और भी सुंदर लगे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ आइडियाज लेकर आए हैं जिन्हें आप अपनी मेहंदी डिजाइन के लिए चुन सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे जोडियक साइंस हमारी जिंदगी को कुछ हद तक प्रभावित करते हैं। इनका हमारी लाइफ में अहम रोल होता है। इसलिए दूल्हा दुल्हन के राशि भी देखी जाती है।

क्या आपकी भी शादी होने वाली है? मेहंदी रस्म में बस कुछ ही दिन बाकी हैं और आप चाहती हैं कि आपकी ब्राइडल मेहंदी सबसे अलग और मीनिंगफुल हो? तो ऐसे में आप अपने हाथों पर अपना और अपने पार्टनर का जोडियक साइन बन सकती हैं।

आप सिंबल को अपने हिसाब से डेकोरेट भी करवा सकती हैं ताकि वह कर सुंदर दिखे। लीजिए बन गई आपकी ब्राइडल मेहंदी स्पेशल।

अगर आपको शायरी लिखने और पढ़ने का शौक है तो आपको यकीनन यह आइडिया जरूर पसंद आएगा। आप अपनी ब्राइडल मेहंदी में अपने पार्टनर को कोई शायरी डेडिकेट कर सकती हैं। मेहंदी को यूनीक टच देने के लिए आप चाहें तो हिंदी इंग्लिश के बजाय कोई दूसरी भाषा में भी शायरी लिखवा सकती हैं।शायरी नहीं तो केवल आई लव यू भी एक अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए आपकी इस स्टाइल की ब्राइडल मेहंदी सभी को जरूर पसंद आएगी।

## जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो खरीदने से पहले ध्यान दें इन टिप्स पर



जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं।

जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।



### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।

## स्किन टाइप के अनुसार खरीदें ये बेस्ट आफ्टरशेव लोशन



शेविंग के बाद जलन होना आम है। लेकिन आफ्टर शेव लगाने के बाद जलन की कई वजहें हो सकती हैं। ऐसा स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने से भी हो सकता है। किसी भी अच्छी मेंस शेविंग किट में आफ्टर शेव लोशन का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, शेविंग के बाद स्किन को फाइनल टच देने का काम अच्छे आफ्टर शेव के बिना करना मुश्किल है। ये फाइनल टच स्किन के लिए किसी असरदार दवा जैसा ही काम करता है।

**क्यों जरूरी हैं आफ्टर शेव लोशन ? :** आफ्टर शेव लोशन का आविष्कार मूल रूप से शेविंग के दौरान लगने वाले छोटे कट्स के उपचार और एंटीसेप्टिक उत्पाद के रूप में किया गया था। ये आपको शेविंग के दौरान बेहतर अहसास और फिनिश का भी अहसास कराता है। आफ्टर शेव लोशन की सबसे महत्वपूर्ण सामग्री अल्कोहल है। अधिकांश पुरुषों की स्किन के लिए अल्कोहल अच्छी तरह से काम करता है। हालांकि कुछ स्किन टाइप पर अगर अल्कोहल की अधिक मात्रा का प्रयोग किया जाए तो ये स्किन में जलन, लालिमा और सूजन जैसे प्रभाव भी छोड़ सकता है। आमतौर पर आफ्टर शेव को आइसोप्रोपिल अल्कोहल या एथाइल अल्कोहल से बनाया जाता है। इसी अल्कोहल का प्रयोग हैंड सेनेटाइजर या घरेलू क्लीनर्स को बनाने में होता है। इसे रबिंग अल्कोहल भी कहा जाता है। लेकिन बीते कुछ साल में, मार्केट में आफ्टर शेव लोशन के कई विकल्प मिलने लगे हैं। इनमें शेविंग बाम और शेविंग लोशन आदि मौजूद हैं। ये स्किन पर कहीं ज्यादा मुलायम और हेल्दी फील देने वाले प्रोडक्ट्स हैं। हालांकि, अब मार्केट में प्राकृतिक आफ्टर शेव भी आ गए हैं। इन आफ्टर शेव को जोजोबा और नारियल के तेल से बनाया जाता है। इसके अलावा, एलोवेरा जेल से बनने वाले आफ्टर शेव भी खूब पसंद किए जा रहे हैं।

## फटी हुई एड़ियों को इन की मदद से करें मॉइश्चराइज



बदलते हुए मौमस में जहां हम अपने चेहरे और हाथों की देखभाल करते केयर कर लेते हैं तो वहीं पैरों के मामले में थोड़ा केयरलेस हो जाते हैं। पैरों की त्वचा का सही तरीके से ध्यान नहीं रखने से एड़ियां फट जाती हैं जिसकी वजह से इनकी कोमलता खो जाती है। अब आप घर पर ही फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको उन चीजों के बारे में बताएंगे जो आपको आसानी से घर पर मिल जाएंगी और आपके पैरों की त्वचा का ख्याल रखने में मदद करेंगी।

**शहद :** फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में एमिनो एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक एंड एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं जो फटी हुई एड़ियों को हील करने में मदद करते हैं।

**घी:** शहद के अलावा फटी हुई एड़ियों को हील करने के लिए घी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। घी में फैटी एसिड्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें कई सारे विटामिन भी होते हैं जो फटी हुई एड़ियां ठीक करने का काम भी करते हैं।

**एलोवेरा :** एलोवेरा भी फटी हुई एड़ियों को ठीक करने में उपयोगी है। एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर है। फटी हुई एड़ियों पर एलोवेरा जेल को लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम रहती हैं।

**नारियल तेल:** नारियल तेल को प्राकृतिक मॉइस्चराइजर कहा जाता है। जहां नारियल का तेल बालों और त्वचा के उपयोगी है तो वहीं फटी एड़ियों की दरारों को कम करने में नारियल तेल उपयोगी है।

**दूध की मलाई:** दूध की मलाई भी फटी एड़ियों को ठीक करने का काम करती है। मलाई प्राकृतिक उपाय है और अगर आप फटी एड़ियों पर मलाई लगाते हैं तो त्वचा में आई दरारें ठीक हो जाती है साथ ही पैरों की त्वचा नरम रहती है।

### कार्नर न्यूज

### जींस के साथ कुर्ती में मौजूद है ढेर सारे ऑप्शन

## ऑफिस में बेल बॉटम जींस के साथ वियर करें कुर्ती कूल लुक आपको भीड़ में भी देगा अलग रौनक

जींस के साथ इस बार टॉप नहीं कुर्ती को स्टाइल करें। इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएगी।जींस पहनना आप पसंद करती हैं तो इसके साथ इस बार टॉप की जगह कुर्ती को वियर करें। कुर्ती में काफी सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस या किसी खास दिन में वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा आएगा। साथ ही आप कम्फर्टेबल नजर आएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का ध्यान रखना पड़ेगा ताकि जब आप इसे वियर करें तो किसी तरह की कोई परेशानी न हो। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की कुर्ती को आप वियर कर सकती हैं।



### फ्रंट कट स्टाइल कुर्ती

अगर आपको स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप बेल बॉटम पैंट के साथ फ्रंट कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कॉलेज, ऑफिस या रेगुलर दिनों में भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप प्रिंटेड कुर्ती वियर करेंगी तो ज्यादा अच्छी लगेंगी। साथ ही अगर आपके जींस का कलर लाइट है तो आप डार्क कलर कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### पेप्लम स्टाइल कुर्ती

कुर्ती में काफी सारे नए-नए ऑप्शन मिल जाएंगे। आप इस बार बैल बॉटम जींस के साथ पेप्लम स्टाइल कुर्ती को वियर करें। इसके लिए आप चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का पैटर्न ट्रेंड में भी है और पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी कलर में खरीदकर ब्लू कलर बैल बॉटम जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाती है।

### प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती



आप बैल बॉटम जींस के साथ आप प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें बड़े प्रिंट भी मिलते हैं। साथ ही इसमें छोटे प्रिंट में भी कुर्ती मिलती है। जिसे आप वियर कर सकती हैं। इसमें लुक एकदम कैजुअल लगता है। साथ ही जब आप इस तरह की कुर्ती को वियर करते हैं तो सुंदर नजर आती हैं। इसे आप किसी भी मार्केट से 200 से 250 रुपये में खरीद सकती हैं। बैल बॉटम के साथ आप लॉन्ग कुर्ती के साथ-साथ शॉर्ट कुर्ती को भी वियर कर सकती हैं। इसमें भी लुक काफी अच्छा और क्लासी लगता है। इन्हें आप ऑफिस के साथ-साथ डेली भी वियर कर सकती हैं।